वर्ष- 21 अंक - 321 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 07 मई 2026



## मोदी के रोड शो के साथ सम्राट सेना की ताजपोशी

पटना ● एजेंसी

बिहार में पहली बार भाजपा के मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी की कैबिनेट का आज विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी रोड शो करते हुए गांधी मैदान पहुंचेंगे जहां नए मंत्रियों का शपथ समारोह होगा। संभावना यही है कि भाजपा के 14 और जदयू के 13 मंत्रियों सहित कुल 31 मंत्री आज शपथ लेंगे जिनमें नीतीश कुमार के बेटे निशांत भी मंत्री बन सकते हैं।

चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाह की पार्टी से भी 4 मंत्री बन सकते हैं। शपथग्रहण समारोह में मोदी के अलावा अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन भी मौजूद रहेंगे।

## अन्नाद्रमुक ने अपने विधायकों को भेजा रिजॉर्ट

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु में किसी भी दल को बहुमत न मिलने के कारण अब विधायकों की खरीद-फरोख्त शुरू हो गई है। अपने विधायक टूट न जाएं इसलिए अन्नाद्रमुक ने अपने विधायकों को पुडुचेरी के रिजॉर्ट में भेजा है। अभिनेता विजय की पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। विजय आज फिर राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा करेंगे। इस बीच खबर है कि द्रमुक और अन्नाद्रमुक मिलकर भी सरकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। ये दोनों दल मिल जाते हैं तो भी इनके पास बहुमत का जादुई आंकड़ा नहीं होगा। ऐसे में इन्हें भी दूसरे विधायकों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी।

## अल्पसंख्यक बहुल इलाके में भाजपा ने जीती 66 सीटें

**कोलकाता.एजेंसी। पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों में से 146 ऐसी हैं जहां अल्पसंख्यक वोटर 25 प्रतिशत या उससे अधिक हैं। ये सीटें लंबे समय से तृणमूल की जीत का आधार रही हैं, लेकिन 2026 में तस्वीर बदली, इनमें से 66 सीटें भाजपा, जबकि 73 तृणमूल को मिलीं। 2021 में भाजपा इनमें महज 16 सीटें ही जीत पाई थी।**

# बांग्लादेश भाग गए सुवेंदु के पीए के हत्यारे

## फूट-फूट कर रोया दोस्त कासिम

कोलकाता ● एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दिग्गज भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ के हत्यारे बांग्लादेश बॉर्डर की तरफ गए हैं। यह खुलासा एक चश्मदीद ने किया। यह भी कहा जा रहा है कि नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण से पहले सुवेंद्र अधिकारी को भी मारने का प्लान था। इस हत्याकांड से बंगाल भाजपा गुस्से में है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जाम लगा दिया। पीए चंद्रनाथ रथ के दोस्त कासिम अली फूट-फूट कर रोए। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के बाद हत्यारों का एनकाउंटर होना चाहिए।

### एनकाउंटर की मांग



भाजपा ने ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी पर हत्या का आरोप लगाते हुए तृणमूल कांग्रेस की मान्यता रद्द करने की मांग की।

### मैं नहीं चाहती कि दोषियों को फांसी हो

बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की मां हसिरानी रथ ने कहा, 'मैं दोषियों को सजा दिलाना चाहती हूं। मैं एक मां हूं, मैं उन्हें फांसी नहीं देना चाहती। मैं उनके लिए आजीवन कारावास चाहती हूं। उन्होंने यह सब भाजपा के सत्ता में आने के कारण किया।

## होटल में बनाया था जालंधर ब्लास्ट का प्लान, विस्फोट के बाद से गायब




जालंधर ● एजेंसी

पंजाब के जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर हुए स्कूटी बम धमाके की दूसरी सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। करीब 29 सेकंड की इस फुटेज में एक पगड़ीधारी व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई देता है। वह उस जगह के पास कुछ देर रुकता है, जहां स्कूटी खड़ी होती है और फिर वहां से चला जाता है। उसके जाते ही स्कूटी में जोरदार धमाका हो जाता है। धमाका होते ही एक युवक भागकर बीएसएफ हेडक्वार्टर के अंदर जाता हुआ दिखाई देता है। धमाके को लेकर यह भी खुलासा हुआ है कि सफेद टीशर्ट पहने आतंकी ने धमाके की वारदात को अंजाम दिया था। संदिग्ध बीएसएफ हेडक्वार्टर के निकट एक होटल में ठहरा था, जो विस्फोट के बाद से गायब है। होटल के सीसीटीवी से पुलिस को कई अहम इनपुट मिले हैं।

ज्ञात रहे कि जालंधर के बाद अमृतसर में भी धमाका हुआ था। इन दोनों धमाकों के पीछे खालिस्तानी और पाकिस्तानी हाथ बताया जा रहा है। अब तक इस मामले में गिरफ्तारी नहीं हुई लेकिन जांच एजेंसियां आरोपियों की धरपकड़ के लिए जी जान से जुटी हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ...




### ऑपरेशन सिंदूर की बरसी पर मोदी ने बदली डीपी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई मंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदल दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हमारी सशस्त्र सेनाओं ने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने की हिम्मत करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया। पूरा देश हमारी सेनाओं के शौर्य को सलाम करता है। वायुसेना ने भी दुश्मन को कड़ा संदेश देते हुए कहा भारत न बोलता है न माफ करता है।

### पिता का अंतिम संस्कार कर ले गया बारात

**निगोहां.एजेंसी।** लखनऊ के निगोहां में बेटे की बारात से कुछ घंटे पहले पिता की मौत हो गई। गमगीन माहौल में बेटे ने पहले पिता को मुखाग्नि दी, फिर उनका सपना पूरा करने सादगी से बारात लेकर रायबरेली रवाना हुआ। बिना बैंड-बाजे संपन्न हुई इस शादी के बाद दुल्हन घर तो आई, पर पिता की कमी ने सबको भावुक कर दिया।

### छाछ पीना पड़ा महंगा, 250 लोगों को लगे इंजेक्शन

**छिंदवाड़ा.एजेंसी।** छिंदवाड़ा जिले में एक विवाह समारोह में छाछ पीने वाले करीब 250 लोगों को रैबीज के इंजेक्शन लगवाने पड़े। बताया जाता है कि एक गाय को कुत्ते ने काट लिया था जिसके बाद गाय लगातार लार गिरा रही थी और बार-बार सिर पटक रही थी। जब यह पता चला कि इसी गाय के दूध से बनी छाछ बारातियों को पिलाई गई तो उन्हें रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए।

### नाव पलटी, 2 की मौत, 4 लापता

**हमीरपुर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के हमीरपुर में यमुना नदी में एक नाव पलटने से एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई जबकि 4 लोग लापता हैं। नाव में 9 लोग सवार थे जो आपस में रिश्तेदार थे। ये सभी लोग एक विवाह समारोह में एकत्र हुए थे।

### 900 करोड़ घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी गिरफ्तार

**जयपुर.एजेंसी।** राजस्थान में जल जीवन मिशन घोटाले की जांच में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व जलप्रदाय मंत्री महेश जोशी को गिरफ्तार कर लिया है। करीब 900 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में यह कार्रवाई की गई है। आरोप है कि मंत्री पद पर रहते हुए उन्होंने टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार कर रिश्वत ली थी।

## अंधेरी रात में तीन घंटे तक वेश बदलकर खड़ी रही पुलिस कमिश्नर



**हैदराबाद.एजेंसी।** रात करीब 12:30 बजे बी. सुमति भेष बदलकर दिलसुखनगर बस स्टॉप पहुंचीं। आसपास सादे कपड़ों में पुलिस टीमें तैनात थीं। वहां मौजूद लोगों में से किसी को अंदाजा नहीं था कि जिस महिला को वे देख रहे हैं, वह शहर की पुलिस कमिश्नर हैं।

सुमति बस स्टॉप पर अकेली खड़ी रहीं। कुछ मिनट बीते, फिर लोगों की नजरें उन पर टिकने लगीं। एक युवक पास आकर बात करने की कोशिश करता है। दूसरा कुछ देर तक घूरता रहता है। कुछ लोग आसपास मंडराने लगते हैं। अगले तीन घंटे में करीब 40 लोग उनके पास पहुंचे। जैसे ही किसी ने मर्यादा लांघने की कोशिश की, आसपास मौजूद सादे कपड़ों वाली पुलिस टीम तुरंत हरकत में आ गई। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। इस ऑपरेशन का मकसद यह समझना था कि देर रात अकेली महिला किस तरह की परिस्थितियों का सामना करती है।

# मेट्रो को इवेंट के लिए उपयोग में लेना केवल मजाक -कांग्रेस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर मेट्रो परियोजना को लेकर कई तरह के विरोध स्वर अलग-अलग क्षेत्रों से आ रहे हैं। मेट्रो पर रोजाना लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं और यात्री संख्या बेहद कम है क्योंकि यह मेट्रो ट्रेन एक सीमित दायरे में चल रही है। इसके बावजूद भारी खर्च और कम उपयोगिता को लेकर जनता के बाद अब कांग्रेस ने भी इसे नाराजगी में लिया है। कांग्रेस राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री संजय अरोड़ा ने कहा कि मेट्रो में इवेंट कर बर्थडे पार्टी, शादी और वैवाहिक वर्षगांठ जैसे आयोजनों तथा फोटो शूट की अनुमति को लेकर भी विवाद गहराता जा रहा है। साढ़े 7 करोड़ रु. की इस योजना में 8 लाख रु. रोज के खर्च पर इस तरह के इवेंट खड़ी ट्रेन और चलती ट्रेन में देना गलत बात है। पहले बीआरटीएस में भी करोड़ों रुपये खर्च किए गए और उसके मामले में भी आगे की सोच नहीं रखी गई और परिणाम यह हुआ कि करोड़ों की लागत वाला बीआरटीएस को तोड़ने के पैसे भी देना पड़े। अब मेट्रो में इवेंट करवाकर पैसे कमाना केवल जनता के पैसे के साथ मजाक है। पहले ही जनता के पैसों का नुकसान बीआरटीएस में किया जा चुका है। केवल इवेंट के नाम पर फोटो शूट मेट्रो में करना यह ठीक नहीं है। अरोड़ा ने कहा कि मेट्रो प्रोजेक्ट को यह बताना चाहिए कि उसमें खर्च कितना हुआ है, यात्री संख्या क्या है और इस तरह के इवेंट आयोजन की अनुमति पर क्या पारदर्शिता रखी जाएगी। यादव और अरोड़ा ने कहा कि अधूरी मेट्रो, कम यात्री संख्या, बीआरटीएस की विफलता और अब बर्थडे-शादी जैसे आयोजनों के लिए उपयोग ने इस परियोजना को लेकर जनता के बीच गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## साध्वी ऋतंभरा से भार्गव की भेंट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** साध्वी ऋतंभरा इंदौर विमानतल पर पहुंची तो महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने उनकी अगवानी भी की, आशीर्वाद भी लिया और कुछ मुद्दों पर भेंट के दौरान बात भी की।

## मेरा बूथ सबसे मजबूत पर भाजपा सफल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मेरा बूथ सबसे मजबूत इसी ध्येय को लेकर भाजपा ने बूथ स्तर पर अपनी मजबूती की। भाजपा अभी भी मंडल, वार्ड और बूथ पर पूरा ध्यान दे रही है और आगे भी हमें इसी स्तर पर काम करना है। लक्ष्मणसिंह गौड़ मंडल में भाजपा की कामकाजी बैठक आयोजित हुई, जिसमें वक्ता नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मालिनी गौड़, पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा ने मार्गदर्शन दिया। मीता रामबाबू राठौर, मदनमोहन प्रजापत, इंदु श्रीवास्तव, वरुण पाल, वीरेन्द्र शेडगे सहित अन्य मौजूद थे।




## व्यापारी कल्याण बोर्ड गठन पर मुख्यमंत्री को साधुवाद

**इंदौर।** भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ से जुड़े सांसद प्रतिनिधि डॉ. संतोष वाधवानी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सुधावाद दिया। राज्य व्यापारी कल्याण बोड के गठन को वाधवानी ने स्वागत योग्य कदम बताया। इससे उद्योगपति, व्यापारी और व्यापारिक संगठनों के अलावा फुटपाथ, रेहड़ी और घूमकर व्यापार करने वालों को लाभ मिलेगा।

## पार्षद दल के बैंक खातों का संचालन वाघेला और मिश्रा करेंगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश भाजपा ने इंदौर के भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधियों की सहमति से नगर पालिका निगम के भाजपा पार्षद दल में सचेतक कमल वाघेला, सहसचेतक निशा रूपेश देवलिया, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा और सदस्य के रूप में पंखुड़ी डोसी, विजयलक्ष्मी गौहर, गुरजीतसिंह कौर को लिया है। इस पार्षद दल के खातों का संचालन कमल वाघेला और मनोज मिश्रा पार्षद करेंगे। भोपाल के आदेश के बाद भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी यह निर्देश जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कमल वाघेला भागीरथपुरा दूषित जल के बाद क्षेत्रीय पार्षद के नाते चर्चा में आए थे और इस चर्चा के बाद उन्हें सचेतक का ताज भाजपा ने पार्षद दल के लिए दे दिया।

# हर जिले में खाद की कोई कमी नहीं

## मुख्यमंत्री बोले पर्याप्त भंडारण उपलब्ध

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों के साथ इंदौर में भी खाद की कोई कमी नहीं है। खाद का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। यादव ने कहा किसानों को पारदर्शी सुगम एवं समयबद्ध उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ई-विकास वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान पोर्टल के द्वारा निजी एवं सहकारिता के माध्यम से उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में खरीफ सीजन हेतु कुल 32701 मेट्रिक टन उर्वरक भण्डारित होकर 1357 मेट्रिक टन उर्वरक वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में 5627 मेट्रिक टन यूरिया, डी.ए.पी. 2093 मेट्रिक टन, एन.पी.के. 9986 मेट्रिक टन, एम.ओ.पी. 4357 मेट्रिक टन एवं सुपर फास्फेट 9281 मेट्रिक टन उपलब्ध है। जिले में उर्वरक की कोई कमी नही है, निरंतर आपूर्ति बनी हुई है। कृषकगण अपनी सुविधा अनुसार ई-टोकन प्राप्त कर संबधित विक्रेता से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने पाटिल को दी श्रद्धांजलि

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा-बुरहानपुर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के निवास पहुँचकर उनके छोटे भाई विश्वनाथ पाटिल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक अर्चना चिटनिस, मंजू दादू, कंचन तन्वे, महापौर माधुरी पटेल एवं गंगाराम मारको के अलावा कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता, अधिकारी डॉ. सुदाम खाडे, अनुराग, हर्ष सिंह, देवेन्द्र पाटीदार मौजूद थे।



# आम आदमी पार्टी ने मूल्य वृद्धि पर दिखाया विरोध का दम





## कमर्शियल सिलेंडर मूल्य वृद्धि पर हुआ प्रदर्शन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आम आदमी पार्टी ने मालवा मिल चौराहा पर केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 994 रुपए की भारी वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कमल गुप्ता, जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा गैस सिलेण्डर में एक साथ इतनी बड़ी वृद्धि करने से खाद्य व्यवसायी क्षेत्र में उद्योगपति, व्यापारी, कैटरर्स, स्कूल-कालेज और रेस्टोरेंट से लेकर छोटी होटल चलाने वालों को काफी दिक्कत हो गई है। यह भी आरोप लगाया कि घरेलू गैस सिलेण्डर को बिकवाने का काम करने के लिए यह खेल सरकार ने खेला है। मालवा मिल पर जमकर प्रदर्शन आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने किया। दमखम से विरोध के दौरान उदबोधन भी हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष कमल गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव ने बताया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार उद्योगपतियों की सरकार है उद्योगपतियों का करोड़ों रुपया का कर्ज माफ कर देती हैं, लेकिन गरीब और आम जनता पर महंगाई का बोझ डालती है, जिससे उनके जीवन यापन में तकलीफें आती है। बाहर से पढ़ने आए छात्र छात्राओं को सीमित संसाधनों में उच्च शिक्षा प्राप्त करना होता है इस महंगाई से उनकी तकलीफें और बढ़ेगी। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि मूल्य वृद्धि वापस ली जाए और उचित समाधान कर बढ़ती महंगाई से आम जनता को निजात दिलवाई जाए। इस अवसर पर कमल गुप्ता, अनुराग यादव, वीरेन्द्र चौहान, कमलेश मालवीय, संजू वैद्य, रमेश मंगलानी, लक्ष्मी चौहान, अनस शेख, कासिफ, डॉ. आईएम अब्बासी, युनूस खान, संदीप शर्मा, नजमा खान, अशफाक खान, राकेश उपलावदिया, जावेद खान, सच्चीकांत बिरथरिया, रवि चौहान पारस जैन, नवदीप शर्मा, नदीम खान मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने किया उद्योगपतियों से संवाद

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन्दौर सम्भाग के बुरहानपुर में उद्योगपतियों से चर्चा की और कहा कि प्रदेश में उद्योग का केनवास तैयार, अब रंग भरने का समय है, कम समय और संसाधनों में जो श्रेष्ठ परिणाम दे वही सफल उद्यमी है, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर व्यक्ति का हक सीधे उसके खाते में पहुंचाने का संकल्प लिया और उसे साकार किया। राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन जिला स्तर पर भी होगा। उद्योगों के विकास मार्ग में रुकावटें पैदा करने वाले कानूनों को खत्म किया गया। निमाड़ में होगा इन्वेस्टर समिट का आयोजन, बुरहानपुर के सुखपुरी को इंडस्ट्रियल बेल्ट बनाया जाएगा।





# जिले से ट्रैक्टर और शहर से वाहनों के साथ कांग्रेसियों का कूच

## हाईवे पर किया जा रहा है किसान समस्या मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा चक्काजाम





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस ने मुरैना से लेकर खरगोन जिले तक के आगरा-मुंबई रोड हाईवे पर आज चक्काजाम का आयोजन किया है। इंदौर जिले के हाईवे महू और राऊ के बीच पिगडम्बर में कांग्रेस का चक्काजाम प्रदर्शन शुरू हो चुका है, यह प्रदर्शन अन्नदाता किसानों को आ रही समस्याओं के मुद्दे पर कांग्रेस कर रही है। आज चक्काजाम में सबसे ज्यादा भीड़ राऊ, महू के बाद देपालपुर, सांवेर से पहुंची। वहीं शहर के सभी ब्लॉक और मंडलम से भी कांग्रेसियों के जत्थे पिगडम्बर के लिए रवाना हुए थे। ग्रामीण क्षेत्रों से ट्रैक्टर के माध्यम से किसानों और कांग्रेसियों को लाने का क्रम जारी रहा। वहीं शहर से कार और टू-व्हीलर पर कांग्रेसियों का जत्था कांग्रेसी झंडे लेकर नारे लगाते हुए पिगडम्बर पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक कांग्रेसियों का पिगडम्बर चक्काजाम में पहुंचना जारी है। देपालपुर से भी मोतीसिंह पटेल एवं धार रोड बांक पंचायत से सोहराब पटेल भी कई ट्रैक्टर के साथ पिगडम्बर पहुंचे। जिला कांग्रेस के संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने बताया कि चक्काजाम शाम 5 बजे तक चलेगा। कल भी जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और दौलत पटेल, हितेश यादव, पवन जैन ने कई क्षेत्रों के दौरे किए और कांग्रेसियों को फोन भी घनघनाएं। यही स्थिति शहर की भी रही।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग सहित अन्य कांग्रेसियों ने फोन लगाए। आज हर विधानसभा के ब्लॉक और मंडलम से कांग्रेसी शहर से भी वाहनों से पिगडम्बर पहुंच रहे हैं। जिला कांग्रेस ने आज चक्काजाम स्थल पर भोजन, छाछ, पानी की बाटल, दोपहर में चाय की व्यवस्था की गई है, जिससे कांग्रेसी चक्काजाम से हिले नहीं। ज्यादा ताकत कांग्रेस ने राऊ और महू विधानसभा में लगाई है। शहर और जिला कांग्रेस ने पूरी व्यवस्था की है, बाहर से कांग्रेसियों को नहीं बुलाया है। हर क्षेत्र के जिला कांग्रेसियों ने प्रयास किए कि, जिले की चारों विधानसभाओं से ट्रैक्टर के साथ किसान भी पहुंचे। पुलिस ने भी आज चाकचौबंद व्यवस्था चक्काजाम के लिए की है। मार्ग को परिवर्तित किया है, जिससे हाईवे पर जाने वाले वाहनों को किसी तरह की दिक्कत ना हो, यह जरूर है कि जो दूर से आ रहे हैं उन्हें रास्ते की दिक्कतें हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी कुछ देर कांग्रेसियों के बीच पिगडम्बर पहुंचे और चक्काजाम में शामिल हुए, इसके बाद जीतू पटवारी खलघाट के लिए रवाना हो गए। शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विनय बाकलीवाल आज सुबह अपने प्रभार क्षेत्र देवास पहुंचे और उन्होंने हाईवे चक्काजाम में शिरकत की। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी का कल कांग्रेसियों ने विमानतल पर स्वागत किया था, आज हरीश चौधरी शाजापुर चक्काजाम में पहुंचे। कांग्रेस के इस बड़े चक्काजाम में बड़े नेताओं की कमी नजर आ रही है। वैसे भी कांग्रेस अब कांग्रेसियों की सैकंड लाइन तैयार कर रही है।

शहर से चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, अमन बजाज, शैलेष गर्ग, सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल, मनीष मिंडा, जीतू दीवान, अमित चौरसिया, मुकेश ठाकुर, कमलेश पाठक, मोहन चौहान, सत्यनारायण मोदी, विजेन्द्रसिंह चौहान, नीलेश शेन शैलू, विशाल चतुर्वेदी, दानिश खान, रफीक खान, अनवर दस्तक, सादिक खान, मजहर हुसैन सेठजीवाला, जौहर मानपुरवाला, देवेन्द्रसिंह यादव, गिरीश चितले, सन्नी राजपाल, सदाशिव यादव, श्याम यादव, प्रेम खड़ायता, गजेन्द्र वर्मा, शेख अलीम, आनन्द कासलीवाल, अभय वर्मा, अजय सीतलानी, संजय अरोड़ा, सुनील यादव, अनिल यादव, अंकित दुबे, अनुरोध जैन, घनश्याम जोशी, मधुसूदन भलिका, सत्यनारायण सलवाड़िया, बंटी बदलानी, किरण जिरेती, अर्चना जायसवाल, भारती टांक, दीपक मलोरिया रानू, धर्मेन्द्र गेंदर, दिलीप राजपाल, दीपू यादव, इम्तियाज बेलिम, गुड्डू शुक्ला, राजेश जोशी, सुनील पाल, हिमांशु यादव, जीतू शिंदेल, नितिश भारद्वाज, लवेश यादव, मुकेश पुरी, नन्दकिशोर शर्मा, प्रकाश महावर कोली, प्रमोद द्विवेदी, प्रहलाद महावर, प्रकाश पटेल, राहुल निहोरे, राजा टोनेरे,पवन जैन, राजेन्द्र मालवीय, शेख शाकिर, हर्ष जैन, ठा. जितेन्द्र सिंह, राजेश शर्मा, राकेश सिलावट, शंकर नैनावा, सरफराज अंसारी, संतोषसिंह गौतम, संतोष यादव, योगेन्द्र मौर्य, सुवेग राठी, विकास जोशी, विक्रमसिंह सचान सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# विमानतल परिसर की जमीन से नहीं हट रहा कब्जा -कांग्रेस

## लाइटिंग की चिन्हित जमीन पर भी खामोशी से होने दें रहा निर्माण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने एयरपोर्ट प्रबंधन, जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है कि, एक तरफ भूमाफियाओं द्वारा एयरपोर्ट की ढाई सौ करोड़ से अधिक की भूमि पर कब्जा किया जा चुका है सप्रमाण शिकायत की गई है परंतु एयरपोर्ट प्रबंधन आंखों में रतौंधी डालकर बैठा हुआ है।**

पंचशील नगर से लेकर पटेल नगर, चौरसिया नगर तक एयरपोर्ट विभाग द्वारा पक्की दीवार बनाकर अपनी हद सुरक्षित की गई थी। हालत यह थी कि बापू मुराई कालोनी आदि के नागरिकों के आवागमन खातिर पूर्व में केन्द्रीय मंत्री तक को हस्तक्षेप करना पड़ा था, इसी कारण रास्ता भी मिला था। वही रिलायंस पेट्रोल पंप ने रास्ता विधिवत लीज पर लिया। परंतु गजाधर नगर के कालोनाईजर द्वारा एयरपोर्ट की जमीन को कब्जा किया तो कुछेक अन्य ने कम्पाऊण्ड दीवार तोड़कर कब्जा किया।

वहीं एप्रोच लाइटिंग खातिर एयरपोर्ट की सीमा थ्रेश होल्ड 420 के उपरांत रनवे 25 के सेन्टर लाईन की दिशा में 330 मीटर लंबे तथा 150 मीटर चौड़े भूखण्ड फिर उसके बाद 70 मीटर लंबे 70 मीटर चौड़े भूखण्ड की जरूरत एयरपोर्ट विभाग बार बार जिला प्रशासन से करता रहा है। यहीं नहीं एयरपोर्ट विभाग ने सवाल उठाया था कि इस क्षेत्र में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, होने वाले हैं उनकी जांच होती रहें। मतलब एयरपोर्ट विभाग को थाने के पास की भूमि तथा उससे आगे जनशक्ति नगर की भूमि अधिग्रहण करके जिला प्रशासन को देना चाहिए परंतु जिला प्रशासन खामोश रहा तो एयरपोर्ट विभाग भी। क्या पुराने टर्मिनल भवन का उपयोग करने के पहले विभाग ने अवलोकन किया, क्या अब एप्रोच लाइटिंग खातिर एयरपोर्ट विभाग को जमीन की आवश्यकता महसूस नहीं होगी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि, श्रीकृष्णा नगर, श्री लक्ष्मी नगर आदि की एनओसी नहीं दी गयी, परन्तु थाने के पास की जमीन पर भी कब्ज़ा होने दिया गया जिसकी जांच हो। उक्त पूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अधिवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने दी।

# पलासिया चौराहा पर भिड़ी कारें, दो घायल

## एक कार से मिली प्रतिबंधित सामग्री, फिल्मी स्टाइल में घूमी अर्टिगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पलासिया चौराहा पर देर रात दो कारों के बीच भिड़ंत हो गई। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और कार को जब्त कर थाना पहुंचाया। घायलों को मामूली चोंट लगी थी, जिन्हें भी उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक कार में प्रतिबंधित सामग्री नजर आई।

पलासिया चौराहा पर गीता भवन की ओर से आ रही अर्टिका कार क्रमांक एमपी-10 झेडएल-0401 को एमजी रोड की ओर से आ रही ओरा कार क्रमांक एमपी 09 बीएफ-6575 ने टक्कर मार दी। दोनों कारों के बीच चौराहा पर हुई भिड़ंत से कारे क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं कार संवार लोगों को एयरबैग खुलने से गंभीर चोंट नहीं लगी। मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों कारों को जब्त किया। एक कार से प्रतिबंधित सामग्री भी पुलिस ने जब्त की है। बताया जा रहा है जिस कार से प्रतिबंधित सामग्री मिली है उसमें एक युवक और युवती संवार थे,









जो घटना के बाद समीप ही जाकर छुप गए, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ा। अर्टिका सवार विनायक निवासी महेश्वर और उनका एक साथी घायल हुए है जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अर्टिका कार फिल्मी स्टाइल में घूम गई। एसीपी कुंदन मंडलोई ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार में सवार युवक असामान्य हालत में थे।

# गांधी हॉल के फिर हाल-बेहाल नगर निगम नहीं कर पा रहा रखरखाव

## पर्यटन विभाग द्वारा लिए जाने का प्रोजेक्ट भी खटाई में पड़ा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत गांधी हाल के जीर्णोद्धार का काम किया गया और इस पुरातन इमारत को वैसा ही स्वरूप देने का प्रयास किया गया। बगीचे सहित लगभग 10 करोड रुपए की राशि इस पर खर्च की गई। साल 2018 से लेकर 2023 तक इसके जीर्णोद्धार का काम अलग-अलग चरणों में किया गया। फिलहाल यह इमारत एक बार फिर रखरखाव के अभाव में खराब होती दिखाई दे रही है। जिस प्रकार से स्मार्ट सिटी के तहत ठेकेदार द्वारा काम किया गया था उसको बनाए रखने के लिए इमारत का लगातार मेंटेनेंस होना आवश्यक था लेकिन इस पर चूक की गई।

मामले में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि जीर्णोद्धार का काम पूरा होने के बाद स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा गांधी हाल के रखरखाव और संचालन के लिए निजी एजेंसी को आमंत्रित किया गया, टेंडर निकाले गए और एक एजेंसी को गांधी हाल का संचालन देने पर सहमति बनने लगी लेकिन इसी दौरान नगर निगम द्वारा इस पर आपत्ति ली गई और यह कहा गया कि यह संपत्ति नगर निगम की है इसलिए नगर निगम इस इमारत का रखरखाव एवं संचालन भी करेगा। शहर की पुरानी एवं ऐतिहासिक इमारत को निजी हाथों में नहीं दिया जा सकता क्योंकि यह शहर की पहचान है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और एमआईसी सदस्यों ने इस पर आपत्ति लेते हुए टेंडर को खत्म करवा दिया जिसके बाद से ही गांधी हाल का रखरखाव नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर गांधी हाल में सख्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण स्मार्ट सिटी द्वारा किए गए कामों को खराब किया जा रहा है। खिड़कियों में लगाए गए गिलास टूटने लगे हैं पुराने एंटीक-लाइटें बंद होने लगी, दीवारों से छेद फिर नजर आने लगे हैं, बाहरी दीवारों खराब हो रही है, गार्डन का हिस्सा भी मात्र औपचारिकता करने के लिए मेंटिन किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा यहां अपने खर्चे पर गार्ड रखे गए थे, वर्तमान में यहां केवल नाम मात्र के लिए गार्ड है, वही जो लाइट लगाई गई है वह कंपनी द्वारा फिलहाल मेंटेन की जा रही है जब तक कंपनी यह सालाना रखरखाव की समय अवधि रहेगी तब तक गांधी हाल की लाइट भी रोशन रहेगी। वही मामले में जानकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि गांधी हाल में जो कमियां दिखाई दे रही है उसको दूर करवाया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों को एक बार फिर से सिविल स्ट्रक्चर की जांच हेतु निर्देश दिए गए हैं जिसके तहत यह पता लगाया जाएगा की काम के बाद इमारत के कौन-कौन से हिस्से अभी कमजोर है यह काम होने के बाद यहां पुनः दरारें आ चुकी है या सीमेंट उखड़ रही है, प्लास्टर झड़ रहा है, कलर निकल रहा है सभी काम का अवलोकन करके कमियां दूर की जाएगी। इसके अलावा गांधी हाल की इस ऐतिहासिक इमारत को अधिग्रहित करने के लिए पर्यटन विकास निगम के पूर्व एचडी इलैयाराजा टी द्वारा रुचि दिखाई गई थी और उन्होंने गांधी हाल की पुरानी इमारत को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित करने हेतु प्लानिंग की थी। जिस तरह से उज्जैन के महाराजवाड़ा स्कूल को पर्यटन विकास निगम ने अधिग्रहित करके लग्जरी होटल के रूप में विकसित किया है इसी तरह से गांधी हाल का ऐतिहासिक महत्व रखते हुए पुराने वैभव और कला एवं आम नागरिकों के भ्रमण सहित अन्य गतिविधियां कायम रखते हुए गांधी हाल का संचालन करने के लिए एजेंसी नियुक्त की गई थी लेकिन साल 2023 में एमआईसी सदस्य और महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इसको लेकर विरोध किया गया इसके बाद से ही यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

# सम्पत्ति और जलकर के सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक छूट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 मई शनिवार को प्रदेश के समस्त जिला न्यायालय एवं तहसील के व्यवहार न्यायालयों में 'नेशनल लोक अदालत' का वृहद स्तर पर आयोजन में नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। राज्यशासन के निर्णय अनुसार 50 हजार रुपये तक के संपत्ति कर और 10 हजार रुपये तक के जल कर की बकाया राशि वाले प्रकरणों में सरचार्ज पूर्णतः माफ किया जाएगा। इससे अधिक की बकाया राशि होने पर निर्धारित स्लैब के अनुरूप सरचार्ज में 25 से 75 प्रतिशत तक की रियायत का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की बकाया राशि पर यह विशेष छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में देय होगी। इसमें छूट के बाद शेष राशि अधिकतम दो आसान किश्तों में जमा करने की सुविधा भी दी गई है। कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा करना होगी। बकाया करदाताओं को निगम ने हर झोन क्षेत्र में नोटिस भी जारी किए हैं। इस बार नगर निगम ने इस लोक अदालत के माध्यम से अपने बकाया राशि में 105 करोड़ रु. टैक्स प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। वैसे कभी भी वित्तीय वर्ष के प्रारंभ की लोक अदालत में इतना टैक्स नगर निगम को कभी नहीं मिल पाता है। इस तरह के लोक अदालत में अब तक के रिकॉर्ड के अनुसार 30 करोड़ तक राशि जमा होती है इसके बाद भी नगर निगम अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए ज्यादा से ज्यादा टैक्स की राशि का संग्रहण करने पर जोर दे रहा है।

**लोक अदालत में इस बार निगम का 105 करोड़ टैक्स प्राप्ति का लक्ष्य**

# तलवाली चांदा तालाब में कचरा फेंकने से रोकने की व्यवस्था करें

## महापौर ने दौरे पर पहुंचने के बाद दिया निर्देश

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि तलवाली चांदा के तालाब में लोगों को कचरा फेंकने से रोकने के लिए व्यवस्था की



जाए। इसके लिए वहां पर एक कुण्ड का निर्माण किया जाए। ताकि लोग पूजन सामग्री इस कुंड में लाकर विसर्जित कर सकें।

इस तालाब के क्षेत्र में दौरा करने के लिए आज महापौर पहुंचे थे। उन्होंने नागरिकों से चर्चा की तो नागरिकों के द्वारा स्ट्रीट लाइट बंद होने और खराब होने की शिकायत की गई। इस शिकायत को सुनते हुए उन्होंने अधिकारियों को सड़क पर प्रकाश की व्यवस्था को सुधारने और बेहतर करने की निर्देश दिए। इसके साथ ही क्षेत्र में स्थित बगीचे का दौरा करते हुए उन्होंने जिन बगीचे में बाउंड्री वॉल नहीं है उन बगीचे में बाउंड्री वॉल बनाने के लिए भी निर्देशित किया। महापौर ने नागरिकों से चर्चा करते हुए उनकी समस्या को सुना और समझा।

# मॉल में जाकर कहा नागरिक नहीं करें सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

**नगर निगम के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए तेज गति से तैयारी की जा रही है। इस तैयारी के अंतर्गत अब मॉल में जाकर नागरिकों से कहा गया है कि वह सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें।**



शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त सिटी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। झोन क्रमांक 07 के वार्ड क्रमांक 32 स्थित द हब मॉल में सिंगल यूज़ प्लास्टिक फ्री मार्केट अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जोनल अधिकारी सुनील सिंह जादौन, स्वास्थ्य अधिकारी राममनोहर गौसर, सीएसआई सौरभ साहू, सहायक सीएसआई अभिषेक सिंह जादौन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान निगम द्वारा व्यापारियों के साथ स्वच्छता संवाद स्थापित किया गया। व्यापारियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं सिंगल यूज़ डिस्पोजल सामग्री के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई तथा इनके स्थान पर रियूजेबल प्लेट्स, कप एवं बायोडिग्रेबल सामग्री के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों को सिंगल यूज़ डिस्पोजल फ्री बनाने की अपील की गई। क्षेत्र में ऐसे प्रतिष्ठानों की पहचान कर, जो सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं कर रहे हैं, उन्हें एळइ फ्री प्रतिष्ठान के स्टीकर लगाए गए। इसके साथ ही सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर कम से कम दो डस्टबिन रखने के निर्देश दिए गए, ताकि कचरा पृथक्करण को बढ़ावा मिल सकें।

# आज से हेल्थ कैम्प

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर प्रेस क्लब एवं सेवाकुंज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक 14 मई तक चलेगा। अलग-अलग जांचे की जाएगी। प्रेस क्लब सदस्यों और परिजनों के लिए यह आयोजन हो रहा है। जरूरत पड़ी तो ऑपरेशन भी निःशुल्क होंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन भी किए जा रहे हैं। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी ने उक्त जानकारी दी।

## कथक नृत्य महोत्सव

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नृत्य सागर कत्थक केन्द्र द्वारा 10 मई को गोविंद राम सेकसरिया कॉलेज, बापट चौराहा में कथक नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया है। इंदौर के अलावा उज्जैन और देवास के भी कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। शास्त्री नृत्य प्रेमी मौजूद रहेंगे। अतिथि प्रेरणा श्रीमाली जयपुर मौजूद रहेंगी। उक्त जानकारी जयंत बड़े ने दी।

## 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजन होगा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आर्ट ऑफ लिविंग वैदिक धर्म संस्थान एवं नयनतारा स्पोर्ट्स एंड योगा वेलफेयर सोसायटी द्वारा रवि शंकर के जन्मोत्सव पर 21 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन 10 मई बिचौली हप्सी स्थित फार्म हाउस पर किया गया है। रविवार को सुबह 8.15 बजे बारात निकलेगी और 9.30 बजे तोरण वरमाला होगी, विवाह संस्कार सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12.30 बजे तक होंगे, उसके बाद भोजन का आयोजन किया गया है। इस सामूहिक विवाह आयोजन को एक दौड़ सौ गांव की ओर नाम दिया गया है। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। आयोजन से मनीष सोनी, राजेन्द्र चौहान, मुकेश खंडेलवाल, सुरेश पटेल, अनुराग त्रिपाठी सहित अन्य जुड़े हैं।

## बिजली कंपनी ने दिए 40 हजार नोटिस

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 9 मई शनिवार को मालवा-निमाड़ के 44 न्यायालय क्षेत्रों में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए इंदौर, उज्जैन, रतलाम समेत अन्य 12 जिलों में करीब चालीस हजार नोटिस भेजे हैं। कंपनी क्षेत्र के सभी 15 जिलों में तैयारी की गई हैं। सभी जिलों के अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं के साथ वर्चुअल एवं समक्ष मीटिंग कर लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों के समाधान के विशेष प्रयास किए गए हैं। इस लोक अदालत में 10 लाख रुपए तक के सिविल दायित्व के प्रकरणों में समझौता हो सकेगा। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता होगा। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट देंगे। इसी तरह लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। मुख्य सतर्कता अधिकारी एसआर बमनके ने बताया कि उपरोक्त रियायत समस्त घरेलू, 5 किलोवाट तक के गैर घरेलू, 10 एचपी तक के आईपी औद्योगिक कनेक्शन से संबद्ध प्रकरणों पर ही देय रहेगी। निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व, अपराध शमन राशि एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। लोक अदालत के दौरान छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किए जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। आवेदक का अन्य कोई कनेक्शन भी है, तो वहां की राशि पूर्ण जमा होगी, तभी छूट का लाभ लिया जा सकेगा।

# तीन और मल्टी स्टोरी पार्किंग को ठेके पर देगा निगम

## 5 साल के लिए संचालन हेतु दिया जाएगा, हर साल का शुल्क निर्धारित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में स्थित तीन और मल्टी स्टोरी पार्किंग को ठेके पर दिया जाएगा। इन पार्किंग को 5 साल के लिए ठेके पर दिया जाएगा। इसमें हर साल का शुल्क निर्धारित कर दिया गया है।

नगर निगम के द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों को पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाए गए हैं। इस पार्किंग में नागरिक निर्धारित शुल्क चुका कर अपनी गाड़ी को पार्क कर सकते हैं। निगम ने जब यह पार्किंग बनाए थे तब इन्हें पीपीपी मॉडल पर मनाया था। इसका अंतर्गत पार्किंग का निर्माण करने वाली एजेंसी को भी अपने निर्माण की लागत निकालने के लिए एक निश्चित अवधि तक संचालन करने का दायित्व सोपा गया था। यह दायित्व की अवधि बीत जाने के बाद अब निगम के द्वारा ऐसे सारे पार्किंग ठेके पर देने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। निगम के यातायात विभाग के द्वारा बजाज खाना चौक, पुराने एबी रोड के रघुनाथ पेट्रोल पंप के पास के पार्किंग और स्कीम नंबर 54 में होटल फॉर्चून के पास में स्थित पार्किंग को 5 वर्ष के लिए ठेके पर देने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। जी ठेकेदार को यह पार्किंग ठेके पर दिया जाएगा वह पार्किंग का संचालन करेगा। ऐसा ठेकेदार इस पार्किंग में गाड़ी लगाने वाले लोगों से शुल्क ले सकेगा और उसे नगर निगम को वार्षिक शुल्क चुकाना होगा।

निगम के द्वारा बजाज खान के पार्किंग का शुल्क 26 लाख रुपए प्रतिवर्ष, रघुनाथ पेट्रोल पंप के पास के पार्किंग का शुल्क 40 लाख रुपए और तीसरे पार्किंग का शुल्क 50 लाख रुपए प्रति वर्ष निर्धारित किया गया है। यह राशि न्यूनतम है। अब इस राशि से ऊपर सबसे ज्यादा राशि जो ठेकेदार देगा उसे इस काम को सौपा जाएगा। निगम के यातायात विभाग के द्वारा इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इन पार्किंग का संचालन करने की इच्छुक एजेंसी से 20 मई तक उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। निगम का मानना है कि इस तरह से ठेके पर दे दिए जाने से एक तरफ जहां निगम की आय निश्चित हो जाती है तो वही लोगों को भी आसानी के साथ सुविधा मिल पाती है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर निगम के द्वारा दिए गए ऑफर पर क्या कोई एजेंसी इन पार्किंग का संचालन करने के लिए आगे आती है। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह है कि जिस स्थान पर पार्किंग बनाए गए हैं उस स्थान पर ही उसके आसपास के क्षेत्र में सड़क के किनारे नागरिकों के द्वारा अपनी गाड़ी पार्क कर दी जाती है और पार्किंग स्थल पर लगाने से चूकने वाले पार्किंग शुल्कों को बचा लिया जाता है। इस स्थिति के चलते हुए पार्किंग में ज्यादा गाड़ियां नहीं पहुंचती है ऐसे में पार्किंग का संचालन करने वाली एजेंसी के लिए यह संचालन घाटे का सौदा साबित होता है।

# बारामत्था बगीची मंदिर भूमि पर निर्माण की शिकायत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के मध्य लालबाग के समीप प्राचीन बारामत्था बगीची स्थित शिव हनुमान मंदिर की भूमि पर हुए निर्माण को लेकर पूर्व में भी शिकायतें की गई थी। कैलाश मोदी ने बताया कि इस शिव हनुमान मंदिर में रोजाना सैकड़ों लोग पूजा पाठ दर्शन के लिए आते हैं। इस मंदिर परिसर की कुछ भूमि पर निर्माण किया गया है, जहां पर गतिविधियां भी संदिग्ध रहती है।



मंदिर व्यवस्थापक कैलाश मोदी का कहना है कि वे 70 वर्षीय वृद्ध है, फिर भी मंदिर परिसर की साफ-सफाई मेंटेनेंस का काम उनके द्वारा किया जाता है। कुछ लोगों द्वारा यहां मंदिर पर सेवाकार्य के लिए लिखवाए गए नाम को भी हटवा दिया गया है। यहां समीप पर स्पीड ब्रेकर बनवाए गए थे उन्हें भी तोड़ दिया गया है। मोदी ने यमुनानंदन महाराज का स्मारक बनवाया था उसे भी हटाने का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर की भूमि पर बगैर स्वीकृति के अवैधानिक रूप से ओटला निर्मित कर लिया गया है और भगवान के मंदिर पर स्थित फोर्च में लोहे का पक्का चढ़ाव लगवा दिया गया है। मंदिर के पीछे गेट बना दिया गया है।

कुछ लोगों द्वारा इस व्यक्तिगत पैतृक सम्पत्ति पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है और मंदिर की जमीन पर भी अवैधानिक रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिस पर अनैतिक कार्य लगातार चल रहे हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से लेकर जनसुनवाई, पुलिस, प्रशासन को भी शिकायतें की गई है। यह क्षेत्र प्राचीन होकर शहर के मध्य है और इसी पर लोगों की निगाह लगी हुई है और गलत कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

# बिलावली तालाब का पीपीपी मॉडल पर होगा विकास

## वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी शुरू करने के लिए निगम देगा ठेके पर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा खंडवा रोड पर स्थित बिलावली तालाब का पीपीपी मॉडल पर विकास किया जाएगा। इसके लिए निगम तालाब को ठेके पर देगा और ठेकेदार के द्वारा वाहन वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी भी शुरू की जाएगी। ठेकेदार एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है।

नगर निगम के द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में इस बात का ऐलान किया गया था कि बिलावली तालाब को हम निजी क्षेत्र की भागीदारी से सुंदर और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे। इसके अंतर्गत तालाब पर वॉटर स्पोर्ट्स शुरू किए जाएंगे। इसमें यहां आने वाले व्यक्ति पैडल बोर्ड चला सकेंगे इसके साथ ही यहां पर वाटर क्राफ्ट व्हीकल का भी संचालन किया जा सकेगा जिसके चलते हुए व्यक्ति वाटर पार्क जाने के बजाय इस तालाब पर आ सकेंगे।

नगर निगम के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट में किसी तालाब में म्यूजिकल शो और फाउंटेन लगाना, वोट हाउस बनाना और तालाब के किनारे पर पर्यावरण को संरक्षण देने वाला रेस्टोरेंट का भवन बनाने का भी प्रावधान किया गया है। निगम के द्वारा बजट में की गई योजना के बाद अब इस तालाब को ठेके पर देकर यहां पर इन सभी गतिविधियों को शुरू करने की दिशा में पहल कर दी गई है। निगम ने ठेकेदार एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। जो एजेंसी बिलावली तालाब को ठेके पर लेकर उसका विकास करना और वहां पर नागरिकों के लिए पर्यटन और मनोरंजन से संबंधित गतिविधि का संचालन करना चाहती है, एजेंसी की मीटिंग 13 मई को रखी गई है। यह मीटिंग इस दिन दोपहर 3:00 बजे निगम के मुख्यालय में स्थित ड्रेनेज विभाग के कार्यालय में होगी। इसके साथ ही इस काम को करने की इच्छुक एजेंसी 28 मई तक अपने प्रस्ताव देकर यह काम ले सकेगी। यदि नगर निगम को बिलावली तालाब पर वॉटर स्पोर्ट्स की एक्टिविटी करने के लिए एजेंसी मिल जाती है तो निगम के द्वारा शहर की सीमा में स्थित अन्य तालाब को भी विकास और सुंदर बनाने के लिए तथा महा नागरिकों के मनोरंजन की गतिविधि का संचालन करने के लिए उन्हें भी ठेके पर देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।






# चौपाटी पर लगाई स्वच्छता की चौपाल

## सिंगल यूज़ प्लास्टिक फ्री मार्केट अवेयरनेस आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



निगम अपर आयुक्त प्रखर सिंह द्वारा झोन 19 के स्कीम नंबर 140 स्थित चौपाटी क्षेत्र में ‘ सिंगल यूज़ प्लास्टिक फ्री मार्केट अवेयरनेस चौपाल ’ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान झोन नियंत्रण अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि एवं स्थानीय व्यापारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चौपाल के माध्यम से व्यापारियों एवं आमजन को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा इसके उपयोग को पूर्णतः बंद करने हेतु प्रेरित किया गया। चौपाटी पर स्वच्छता की चौपाल लगाते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक पर भी जानकारी प्रतिबंध की दी गई। इंदौर शहर को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाने में सभी का सहयोग मांगा। अपर आयुक्त ने क्षेत्र का भ्रमण दुकानों पर पहुंचकर किया, व्यापारियों से संवाद भी किया। दुकान के बाहर डस्टबीन रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कचरा इधर-उधर नहीं फैलाने की भी सलाह दी गई।

# हज यात्रा पर कल रात के बाद आज दोपहर भी दो फ्लाइट

## हज कमेटी ने की खिदमत, चाय-नाश्ता भी कराया





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हज यात्रा शुरू हो चुकी है, कई यात्री अपने साधन से मुंबई भी गए हैं और वहां से परवरदिगार की नगरी की यात्रा शुरू की है। इंदौर से भी इंदौर-उज्जैन संभाग के हज यात्रियों के लिए फ्लाइट कल रात 9.30 बजे रवाना हुई। निर्धारित समय के पहले ही हज यात्रियों का परिजनों के साथ विमानतल पर पहुंचना शुरू हो गया था। हज कमेटी ने उनके लिए पूरी व्यवस्था चाकचौबंद की। कल रात 145 हज यात्री जिन्हें स्वीकृति मिली वे रवाना हुए, वहीं आज दो फ्लाइट हज यात्रियों की रवाना हुई है, इनमें भी हर फ्लाइट में 145 यात्री है। इस तरह तीन फ्लाइट से 435 यात्री हज के लिए इंदौर विमानतल से रवाना हो गए हैं। सभी यात्रियों के निकट के लोग भी विमानतल पहुंचे थे और सभी लोगों को उनके घरों से भी बड़ी संख्या में निकट के लोगों ने विदाई दी थी। सभी का फूल मालाओं से इस्तकबाल भी किया गया था। बाहर से भी हज यात्री इंदौर विमानतल पर पहुंचे थे उन सभी के लिए भी व्यवस्था की गई थी। आज सुबह से फिर विमानतल पर दो फ्लाइट में हज यात्रा पर रवाना करने वालों के लिए बड़ी संख्या में परिजन और निकट के लोग पहुंचे थे। इस तरह आज दो फ्लाइट सहित कल रात की फ्लाइट मिलाकर तीन फ्लाइट रवाना हो चुकी है। इंदौर से बाहर सहित 435 यात्री हज यात्रा के लिए रवाना हो चुके हैं। हज हाऊस पर पूरी माकूल व्यवस्था की गई थी। चाय-नाश्ता के बाद बसों के माध्यम से अलग-अलग फ्लाइट के लिए अलग-अलग यात्रियों को विदाई दी गई थी।

# हजरत नियाज अली सरकार का 3 दिवसीय उर्स




## अध्यक्ष का स्वागत भी हुआ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हजरत नियाज अली सरकार रे.अ. का सालाना उर्स 9 से 11 मई तक एमजी रोड स्थित तुकोगंज पर बड़ी संख्या में जायरिनों की मौजूदगी में किया जाएगा। दरगाह सदर अशफाक हुसैन (गोलू) ने बताया कि तीन दिवसीय उर्स में परचम कुशाई, कुल रंग, फातिहा खानी और कुरआन खानी के साथ लंगर और दुआएं होगी। 9 मई की सुबह परचम कुशाई के साथ आयोजन शुरू होगा। 10 मई को सुबह कुल शरीफ, रंग और फातिहा खानी होगी, इस कड़ी में 11 मई सोमवार सुबह फजर की नमाज के बाद कुरआन खानी होगी जिसके बाद लंगर ए नियाजी होगा। मुस्लिम समाजजन के अलावा अन्य समाज के लोग भी मजार पर अकीदत पेश करेंगे। कई राजनेता मौजूद रहेंगे। मप्र वक्फ कमेटी के अध्यक्ष डॉ. सनव्वर पटेल, वक्फ जिला अध्यक्ष रेहान शेख, डॉ. रिजवान पटेल, मेहफूज पठान, हाजी जुनेद, इस्माइल खान, डॉ. खान बहादुर, साबिर हाशमी, नौशाद खान, वकील पठान जिम्मेदारी निभाएंगे। इंदौर आए मप्र वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सनव्वर पटेल का स्वागत भी अशफाक हुसैन, अजहर खान, परवेज खान (भूरा), सगीर खान (सग्गा), जुबेर खान ने किया।



## गीत-संगीत आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था सप्तक ने आपसा कोई नहीं गीत-संगीत कार्यक्रम प्रीतमलाल सभागृह में आयोजित किया। मोना शेवड़े, जीत सिंह सलूजा, रमेश खत्री और ज्ञान कटारिया ने गीतों की प्रस्तुति दी। संचालन जावेद खान ने किया।

# सिंधी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पुलिस को ज्ञापन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिंधी समाज की पंचायतों और संगठनों के पदाधिकारियों ने पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचकर शिकायती ज्ञापन दिया, जिसमें बताया कि सोशल मीडिया पर सिंधी समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों की जा रही है, वैमनस्य फैलाने का काम किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, विशेषकर व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से सिंधी समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक, भड़काऊ एवं अमर्यादित टिप्पणियां प्रसारित कर रहे हैं। समाज के प्रतिनिधियों के अनुसार, इन संदेशों में समाज विशेष के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जा रहा है तथा पाकिस्तान से विस्थापित होकर भारत में बसे सिंधी समाज के लोगों को लेकर भ्रामक एवं भेदभावपूर्ण बातें फैलाई जा रही हैं। इससे समाज में अनावश्यक तनाव एवं वैमनस्य का वातावरण निर्मित हो रहा है। इन सब मुद्दों पर पंचायत, संगठनों में बैठक का आयोजन भी हुआ था और चर्चा भी की गई थी उसी के बाद सिंधी समाज के वरिष्ठजन शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे। प्रमुख रूप से राजा माधवानी, भगवानदास कटारिया, घनश्याम मलानी, लालचंद छाबड़ा, पंकज वाधवानी, डॉ. जय परियानी, सुंदरदास माखीजा, धनेश मटाई, नानक डावानी, दीपचंद चावला, प्रकाश पारवानी, गोविंद रूपानी, मनीष देवनानी, सच्चानंद कामोरा, नंदलाल झामवानी, अनिल लोकवानी, सच्चानंद वाधवानी एवं समस्त सिंधी समाज मौजूद थे।



# जैन मंदिर का शिलान्यास महोत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सिलिकॉन सिटी स्थित श्री वीरमणि आदिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर का शिलान्यास महोत्सव आयोजित हुआ। इस लोकार्पण में बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद थे। जिन्होने शिलान्यास महोत्सव को गौरान्वित करने वाला बताया। राजेश जैन युवा ने बताया कि यह मंदिर देवलोकवासी आचार्य श्री वीररत्नसूरीश्वरजी म.सा. को समर्पित होगा। आचार्य विजय पद्मभूषणरत्नसूरीश्वर म.सा. एवं ऋषभरत्न विजय म.सा. की प्रेरणा एवं योगरुचि विजय म.सा. की निश्रा में आयोजन किया गया। बडी संख्या में शहरभर से समाजजन मौजूद रहे। विधायक मधु वर्मा ने भी आयोजन में शिरकत की। सुनील श्रीश्रीमाल, विमल मेहता, संजय व्होरा, ललित चौरडिया, अंकित राका, आनंद लुणिया, विमल मेहता सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन में चैन्नई के गौतम गुलेच्छा एवं परिवार का योगदान रहा।

# वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में इंदौरी भी जाएंगे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अ.भा. वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश करोसिया राजा ने बताया कि महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली लोधी रोड पर होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीपसिंह गिल, प्रताप करोसिया, डॉ. राजू मिश्रा एवं राजेश करोसिया, सतीश बिड़ला, रेखा बहनवाल, नरेन्द्र नाहर, कृपाराम वाल्मीकि, डॉ. रामेश्वर सेठ, जयराज धोलपुरे, चिमनलाल डागर मौजूद रहेंगे। समाज की दशा और दिशा पर चिंतन करते हुए संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। समाजहित में कई बिन्दुओं पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। देश भर से पदाधिकारी शामिल होंगे। पदाधिकारियों को प्रशंसा पत्र स्मृति चिह्न देकर सम्मानि किया जाएगा। पदाधिकारी समाज पर चिंतन भी करेंगे। उक्त पूर्ण जानकारी राजेश करोसिया राजा ने दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश करोसिया राजा के साथ में कई इंदौरी इस अधिवेशन में शामिल होने दिल्ली जाएंगे।



## एम्पलॉईज एसोसिएशन का स्थापना दिवस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर ब्लाइंड एम्पलाइज एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर कर्मचारियों के लिए संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया और उत्कृष्ट कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। अच्छे गायन और संगीत पर 4 प्रतिभागियों को नकद राशि देकर सम्मानित किया। अन्य कर्मचारी भी सम्मानित हुए। दीपक श्रीवास्तव, हरीश बोयत, आधारसिंह चौहान, विनोद गढ़वाल, कैलाश मालवीय, अनिल बामनिया सहित अन्य मौजूद थे।



## आज भी जारी रहेगा मालवा उत्सव

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दशहरा मैदान पर मालवा उत्सव का आयोजन कल से शुरू हुआ जो आज भी जारी रहेगा। मंच पर कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं शिल्प बाजार और खानपान के स्टॉल भी आकर्षण के केन्द्र है।

# जाफा के स्कूली विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति का संवर्धन-डॉ. झालानी




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंडोनेशिया के जाफा जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर में शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रहकर बहुसांस्कृतिक समझ, सह-अस्तित्व और वैश्विक दृष्टिकोण को विकसित करने का माध्यम बन सकती है।अपने भ्रमण के दौरान डॉ. राजीव कुमार झालानी द्वारा ऐसे परिप्रेक्ष्य में स्कूली विद्यार्थियों विशेषकर मुस्लिम समुदाय के छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता से परिचित कराना एक सार्थक पहल हो सकती है, जो उन्हें विविधता में एकता, सहिष्णुता और राष्ट्रीय चेतना जैसे मूल्यों से जोड़ती है। भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है, जिसकी जड़ें हजारों वर्षों पुरानी हैं। इसमें धर्म, दर्शन, कला, साहित्य, संगीत, योग, आयुर्वेद और सामाजिक संरचना का अनूठा समन्वय देखने को मिलता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार है) और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' (सभी सुखी हों) जैसे आदर्श भारतीय विचारधारा की आत्मा को दर्शाते हैं। इन मूल्यों का परिचय विद्यार्थियों में मानवीयता, सह-अस्तित्व और वैश्विक भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित कर सकता है। मुस्लिम समुदाय के विद्यार्थियों के संदर्भ में यह पहल विशेष महत्व रखती है, क्योंकि भारतीय सभ्यता में विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों का सह-अस्तित्व रहा है। भारत में इस्लामी परंपरा और संस्कृति का भी गहरा प्रभाव है। डॉ. राजीव झालानी, प्रो. रश्मि झालानी, क़ैजार मनासावाला, खुदैजा मनासावाला मौजूद थे।



## बच्चों की वर्कशॉप में अभिनय फिल्म मेकिंग का प्रशिक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रंगरूट्स थिएटर एंड प्रोडक्शन द्वारा जवाहर मार्ग पर बच्चों के लिए आयोजित 30 चिल्ड्रन थिएटर वर्कशॉप चल रही है। इस वर्कशाप में 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रशिक्षको द्वारा अभिनय, डांस, सिंगिंग, मार्शल आर्ट्स, फिल्म मेकिंग, कैमरा एक्टिंग, वॉइस एक्सरसाइज और ओवरऑल पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वरुण जोशी ने बताया कि शिविर में फ़ैजान खान प्रशिक्षण दे रहे है। शिविर में सभी प्रतिभागियों को मंच पर प्रस्तुति का अवसर और वर्कशॉप प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को कैमरे पर अभिनय करने का विशेष अवसर भी मिलेगा। शिविर में प्रशिक्षण ऐसे अनुभवी प्रशिक्षक दे रहे है जिन्होंने 5000 से अधिक विद्यार्थियों को नाट्य प्रशिक्षण प्रदान किया है।



## ई-वेस्ट से मुक्त करने की पहल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लायंस क्लब इन्टरनेशनल डिस्ट्रिक्ट का विशेष अभियान अपने घर और ऑफिस मे जमा पुराना ,खराब इलेक्ट्रॉनिक्स,पुराने तार,प्रिंटर, खिलौने, कैलक्युलेटर, पावर बैंक मोबाइल, चार्जर, लैपटाप को सामान्य कचरा ना समझे। इनमे मौजूद पारा सीसा आदि जहरीले तत्व मिट्टी और भूजल को बुरी तरह प्रभावित करते है। ग्लोबल सर्विस वीक में ई-वेस्ट कलेक्शन की गतिविधि लायन डॉ. कुलभूषण मित्तल, अनिल खंडेलवाल, जेपी त्रिपाठी, डॉ. राजेन्द्र सोडानी, किरण जिरेती, सिद्धार्थ बंसल, चपला कुमारा भार्गव, अनुराधा मिश्रा, मनी जोशी, मुरली अरोरा, विकास गुप्ता, मंजू मंडलोई, नीता पावड़े, अर्चना सिंह तोमर सुरजीत राजपाल, प्रीति जैन के प्रयास से यह कार्य शुरू हुआ।

## अग्रबंधुओं ने किया सकोरों का वितरण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ द्वारा श्री रणजीत हनुमान मंदिर पार्किंग में मिट्टी के सकोरों का वितरण किया। संजय अग्रवाल गोल्ड कॉइन ने सकोरो मे सहयोग किया। सुरेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, रत्नेश गोयल, सजन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विष्णु गोयल, पिंकेश मोदी, अनिता ऐरन, मुक्ति गोपाल अग्रवाल, धर्मेंद्र गर्ग, अभिषेक सोन्थलिया, अनिल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, दिनेश जिंदल, विजय अग्रवाल, दिनेश गर्ग, राजेश अग्रवाल, भूपेंद्र बंसल, रमेश ऐरन, दीपिका पोद्दार, रीना गोयल, शालिनी मोदी, सोनिया गर्ग, सोनिका केजरीवाल, संगीता अनिल अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल मौजूद थे।

## जैन संत की मौजूदगी में संयमोत्सव का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन संत प्रवर्तक प्रकाशमुनि म.सा. के संयम जीवन के 52 वर्ष पूर्ण होने एवं 53वें वर्ष में प्रवेश अवसर पर कल 8 मई को कीमती गार्डन धार रोड पर संयमोत्सव का आयोजन आचार्य मद्विजय हितेशचंद्र सूरीश्वर म.सा. एवं ठाणा की उपस्थिति में होगा। बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहेंगे। अंगूरबाला जयंतिलाल जैन आयोजन लाभार्थी है। आयोजन की जिम्मेदारी राजमोहल्ला श्रीसंघ एवं ट्रस्ट मंडल द्वारा निभाई जा रही है, जिसमें अनिल चौरड़िया, संजय नवलखा, हेमेन्द्र बोकड़िया, उमराव सियाल सहित कई सदस्यों की सक्रिय भागीदारी है। संयोजक की जिम्मेदारी कांता एवं शांता कटकानी के पास है।



## प्रवीण जोशी सम्मानित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था सत्य ने प्रवीण जोशी को सम्मानित किया। संस्था के डॉ. सुनील और डॉ. रचना सहगल ने जोशी को मीडिया में अच्छे योगदान के लिए यह सम्मान दिया। डॉ. दिग्पाल धारकर, डॉ. मनीष बिल्लोरे, डॉ. प्रीति कासलीवाल, टिम्सी राय, डॉ. रजनी भंडारी, डॉ.अनिल मलिक उपस्थित थे।



## सुन्दरकांड पाठ का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ज्योति वानखेडे द्वारा पति की पुण्यतिथि पर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि दिलीप राजपाल, डॉ. राजकुमार अग्रवाल, महंत कमलकिशोर गिरि, प्रहलाद वर्मा, किशन भालसे, जितेन्द्र मौजूद थे।

## राजकुमार जैन को यातायात पुलिस का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन का रूप देने वाले 'अरे ओ भिया' अभियान के प्रणेता और सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार जैन को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यातायात प्रबंधन पुलिस ने सम्मानित किया। पलासिया स्थित यातायात थाना परिसर में आयोजित गरिमामय समारोह में पुलिस आयुक्त संतोष सिंह ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। जैन के प्रयासों की सराहना भी हुई।

## किस्सागोई पर विचार विमर्श ऑनलाइन कार्यक्रम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शुभ संकल्प समूह द्वारा किस्सागोई स्तंभ के अंतर्गत डॉ उर्मिला मिश्रा की पुस्तक 'छत्र प्रकृति'पर विचार विमर्श ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। आस्ट्रेलिया से भी रचनाकार जुड़े। डॉ. उर्मिला मिश्रा मेलबर्न, डॉ. रेखा राजवंशी सिडनी, मंजुला पंडित मेलबर्न, अंजना अनजान मेलबर्न, मंजरी पाण्डे बनारस, डॉ. अर्चना पंडित इंदौर, वंदना शर्मा, राजेंद्र, अरविन्द, साहिल ने अपनी भूमिका निभाई। आभार डॉ. सुनीता श्रीवास्तव ने माना।

## अमर शहीद स्मरण दिवस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** क्रांतिकारी विचार मंच,इंदौर परशुराम महासभा द्वारा 10 मई को अमर शहीद, सेनानियों को श्रद्धांजलि का आयोजन शाम 5 बजे से गांधी धाम. श्री राम तलावली धार रोड पर किया जाएगा। कैण्डल प्रज्जवलित किए जाएंगे।

## एक दिवसीय सत्संग नामदान कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के अन्तर्गत जय गुरुदेव से जुडे बाबा उमाकांत महाराज ने लगातार तीसरे दिन भी सत्संग और नाम-दाम कार्यक्रम के अलावा शाकाहार और सदाचार के साथ नशा मुक्ति का संदेश कम्पेल ग्राम में एक दिवसीय सत्संग नामदान कार्यक्रम में दिया। 13 से 15 मई तक उज्जैन स्थित पिंगलेश्वर में जयगुरुदेव आश्रम में होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के जीवन रक्षक भंडारे की जानकारी भी दी गई।



## स्वतंत्रता सेनानी परिवार का श्रद्धासुमन अर्पण कार्यक्रम होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा.स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण परिषद के तत्वावधान में 10 मई रविवार को प्रातः 10 बजे, क्रांति दिवस पर वीर अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पण का कार्यक्रम जय स्तंभ उद्यान नरसिंह बाजार, माताजी के मंदिर के पास रखा गया है। महापुरुषों को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे।

## आधे से ज्यादा हिस्से में दोनों तरफ सड़क की अब दिखने लगी रंगत




# एडवांस एकेडमी से रिंगरोड़ तक मास्टर प्लान की सड़क निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

**इंदौर।** एडवांस एकेडमी से रिंगरोड़ तक बन रही 55 करोड़ से ज्यादा लागत वाली पहले से कई गुना लंबी और चौड़ी मास्टर प्लान की सड़क का काम वर्तमान में दिन रात पहले से और ज्यादा तेजी के साथ चल रहा है। निपानिया क्षेत्र में एडवांस एकेडमी रोड़ से आगे पेट्रोल पंप तक बड़े हिस्से में दोनों तरफ वर्तमान में लगभग आधे हिस्से में बीच - बीच में कई जगह दोनों तरफ मुख्य सड़क बनकर तैयार भी हो चुकी है।



**इधर,स्कूल के सामने खुदाई कर स्टांम वाटर लाइन डालने का हो रहा काम-** जबकि इधर,एडवांस एकेडमी स्कूल के सामने से बैंक ऑफ़ बड़ौदा तक के बड़े हिस्से में फिलहाल एक साइड खुदाई कर निगम द्वारा बड़ी स्ट्रॉम वाटर लाइन डालने के साथ सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ निपानिया की ओर जाने वाले बड़े हिस्से में आधी से ज्यादा सड़क लगभग बनकर तैयार भी हो गई है। वहीं बीच-बीच में करीब 100 मीटर के आसपास डिवाइडर भी बनकर तैयार हो चुके है। कहा जा रहा है कि अन्य जगह की मास्टर प्लान की सड़क से ज्यादा यहां का काम फिलहाल दुगनी तेजी के साथ चल रहा है। हालांकि बीच-बीच में यहां भी कई जगह काम अधूरा है लेकिन फिर भी लगातार काम चल रहा है।

# टूटे चैंबर रांग साइड आने वाले वाहन चालकों को दे रहे हैं हादसों को न्यौता

**इंदौर।** मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे पर सर्विस रोड पर लंबे समय से टूटे - फूटे आधा दर्जन से ज्यादा चैंबरों के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। यही नहीं पिछले तीन माह से भी ज्यादा समय से ब्रिज निर्माण के चलते मुख्य रास्ता बंद होने के कारण पूरा मेंन रोड़ का ट्रैफिक भी दोनों तरफ की सर्विस रोड से गुजर रहा है। ऐसे में बीच का रास्ता बंद होने से कई वाहन चालक रॉन्ग साइड भी शॉर्टकट के कारण निकल रहे हैं। वही दोनों तरफ की सर्विस रोड पर करीब आधा दर्जन से ज्यादा टूटे चैंबरों के कारण आए दिन वाहन चालक इसमें उलझते नजर आते है। यही नहीं यह टूटे चैंबर और राम साइड आने वाले वाहन चालक के कारण आए दिन दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

वार्ड 52 के पार्षद ने टूटे चेंबरों को बदलने के लिए कई बार कर दी निगम से शिकायत।



वही खास बात यह की वार्ड 52 की पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी ने संग निगम अधिकारियों से कई बार क्षेत्र की सर्विस रोड पर टूटे चैंबरों को बदलने की मांग और शिकायत कर रखी है उसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। क्षेत्र में कभी भी टूटे चैंबरों के कारण वाहन चालक आपस में गुत्थम गुत्था होकर आए दिन आपस में उलझते रहते हैं। खासकर अंधेरे में और ज्यादा परेशानी आती है।

# चावल उत्पादक क्षेत्रों में डिमांड बढ़ने से बासमती के बाजार में 100 से 200 रु. प्रति क्विंटल की तेजी

**इंदौर।** चांवल के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र पंजाब और हरियाणा में घरेलू मांग बढ़ने के साथ धान और चांवल की कमी के चलते वर्तमान में थोक बाजार में बासमती चावल में जहां 100 से 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी बताई जा रही है, वहीं कहा जा रहा है कि शिपमेंट चालू होने से आगे और तेजी की संभावना है।यही नहीं अंतराष्ट्रीय बाजार में डिमांड के साथ घरेलू बाजार में भी मांग बढ़ने और दूसरी तरफ धान की कमी को देखते हुए व्यापारियों का मानना है कि बासमती चांवल के बाजार में आगे भविष्य में और ज्यादा तेजी की तेजी की उम्मीद व्यापारियों को नजर आ रही है।



### थोक बाजार में खरीदी से बाजार बढ़ने के आसार

इसके अलावा इंदौर के थोक बाजारों में भी इन दिनों दालों की वार्षिक खरीदी के साथ ग्राहकों की चांवल की भी खरीदी और डिमांड लगातार बढ़ रही है। जिससे भी आने वाले दिनों में बासमती की सभी रेंजों में 100 से 200 रुपए क्विंटल तक भाव में सुधार और तेजी की उम्मीद भी जानकारों को नजर आ रही है। हालांकि पिछले दिनों मामूली तेजी के बाद बाजार में स्थिरता जरूर है। लेकिन भविष्य में तेजी से इनकार नहीं किया जा सकता। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि चांवल बाजार में आगे भी मंदी के कोई आसार नहीं है।

### दालों के बाजार में 100 से 200 रु. प्रति क्विंटल तक घटाए बाजार

इधर दूसरी ओर वर्तमान में नई मूंग की आवक बढ़ने से मूंग में लगातार बाजार घटने से एक तरफ जहां मूंगदाल के भावों में 100 से 200 रुपए प्रति क्विटंल तक भावों में कमी आई है। वही तुवर दाल में 200, उड़द और मूंग मोगर में 100 से 200 और चना दाल में 50 से 100 रुपए प्रति क्विटंल तक थोक भाव में पिछले दिनों मंदी के कारण गिरावट दर्ज की गई है। वहीं इससे काउंटर ग्राहकी पर भी इसका सीधा असर पड़ा है। हालांकि बाजार में चांवल के साथ दालों की डिमांड लगातार बढ़ रही है। साथ ही व्यापारियों की पूछ परख के साथ माल में लेवाली भी है, जिससे रोजाना बाजार में व्यापारियों की खरीदी भी हो रही है।

# स्टार चौराहा से जमजम चौराहा तक सड़क निर्माण की लंबे समय से धीमी रफ्तार

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में जमजम चौराहे से स्टार चौराहे तक लंबे समय से मास्टर प्लान में मंजूर लंबी-चौड़ी फीडर रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसके तहत जमजम चौराहे से आगे स्टार चौराहे तक इस सड़क निर्माण के चौड़ीकरण में बाधक सैकड़ो मकान और दुकान निगम द्वारा कई महीनो पहले निशान और नपती के बाद हटाने और तोड़फोड़ की कार्रवाई भी कुछ माह पहले हो जाने के बाद भी काम की अभी भी धीमी रफ्तार है। उसके बावजूद मास्टर प्लान की इस सड़क का काम अभी तक रफ्तार नहीं पकड़ पाया है।

## पिछले साल से चल रहा काम, बावजूद नहीं दिख रही तेजी



जबकि निगम द्वारा यहां सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य पिछले साल से चल रहा है। उसके बावजूद अभी तक बड़ी मुश्किल से 30 से 40 फ़ीसदी काम भी नहीं हो पाया। इधर लोगों को चिंता है कि आने वाले दिनों में जून माह तक कभी भी बारिश का दौर शुरू हो सकता है ऐसे में आधी अधूरी सड़क से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को परेशानी होगी। यहां रहने वाले लोगों को भी लंबे समय से परेशानी हो रही है। क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि काम की रफ्तार धीमी होने के कारण बाधक निर्माण हटाने के बाद भी अभी भी यहां काम धीमी रफ्तार से चल रहा है जिसके कारण दिनभर धूल उड़ती रहती है। जिससे यहां के लोगों को पिछले कई महीनों से परेशानी हो रही है। हालांकि अभी बीच-बीच में निगम द्वारा स्ट्रांम वाटर लाइन डालने का काम किया जा रहा है।



## चैंबरों की ऐसी पाली चिंता यहां मिल रही ढक्कनों को डबल सुरक्षा

**इंदौर।** पिपलियाहाना चौराहे से बिचौली बाईपास तक स्कीम 140 रोड पर ड्रेनेज चैंबरों की सुरक्षा के लिए इंदौर नगर निगम की अनूठी पहल नजर आई। इस रोड पर निगम ने चैंबरों की ऐसी चिंता पाली की यहां फुटपाथ पर ड्रेनेज के चेम्बरों पर लगे ढक्कन को टूटने से बचाने के लिए निगम द्वारा ढक्कन के दोनों तरफ मजबूत पिल्लर बनाकर सुरक्षा दी जा रही थी। जबकि अब दोनों तरफ चेंबरो के आसपास आसमानी नीले रंग से चमका दिया है। जिससे अब वाहन चालकों को दूर से ही चैंबर नजर आ जाएंगे, तो कोई भी इन चेंबरों के ढक्कन को नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा।



## दो दिनों से लगातार नालों के हट रहे हैं अतिक्रमण

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खरगोन नगर पालिका द्वारा दो दिनों से लगातार नालों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए बुलडोजर चलाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, सीएमओ कमला कोल, स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते और सफाई कर्मियों की टीम शहर के मुख्य मार्ग पर कार्रवाई करवा रहे हैं। जेसीबी से अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। जिसमें छोटी मोहन टॉकिज, बस स्टैंड के साथ अन्य स्थानों पर कार्यवाही हुई। सड़कों और फुटपाथों पर संचालित होने वाली दुकानों से सामग्री जब्त की गई।

## संपादकीय

# खुले नाले में समा गई छोटी बच्ची, हादसे के बाद कार्रवाई सिर्फ जूनियर कर्मचारी पर

इस तरह के मामलों में या तो जिम्मेदारी ठेकेदारों पर डाल दी जाती है या फिर कार्रवाई के नाम पर निचले कर्मचारियों को निलंबित कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इस मामले में सरकार की ओर से सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग में अनुबंध पर कार्यरत एक कनिष्ठ अभियंता को नौकरी से निकाल दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इसके आस-पास के क्षेत्र में खुले नाले एवं पानी से भरे गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। हाल के दिनों में एक के बाद एक हादसों के बावजूद शासन-प्रशासन के स्तर पर एहतियाती उपायों को लेकर कोई गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं। इसी लापरवाही के कारण दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में पिछले दिनों खुले नाले में गिरने से एक मासूम बच्ची की जान चली गई। इस मामले में सरकार की ओर से सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग में अनुबंध पर कार्यरत एक कनिष्ठ अभियंता को नौकरी से निकाल दिया गया। मगर सवाल है कि क्या निचले स्तर के कर्मियों पर इस तरह की कार्रवाई से व्यवस्था में सुधार हो पाएगा? इसमें दोराय नहीं कि नागरिकों की सुरक्षा और खासकर बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। मगर कर्तव्य में लापरवाही बरते जाने के मामलों में क्या संबंधित अधिकारियों की भी जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए! जब उच्चाधिकारी ही जन समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं देंगे, तो निचले कर्मियों से क्या उम्मीद की जा सकती है। यह अक्सर देखने में आता है कि इस तरह के मामलों में या तो जिम्मेदारी ठेकेदारों पर डाल दी जाती है या फिर कार्रवाई के नाम पर निचले कर्मचारियों को निलंबित कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। मुकुंदपुर की घटना में भी कुछ ऐसा ही हुआ है। सवाल है कि इस क्षेत्र में खुले नाले को ऊपर से ढकने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ अनुबंध पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंता की ही थी, उच्च अधिकारियों का इससे कोई सरोकार नहीं था? सड़क पर खुदाई के बाद पानी से भरे गड्ढों और नालों को खुला छोड़ देने का जोखिम विभागीय अधिकारियों को नजर क्यों नहीं आता? दिल्ली सरकार का कहना है कि इस तरह की घटनाओं में लापरवाही बरतने पर अब जवाबदेही तय होगी, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि जब तक संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद धुंधली ही रहेगी। सरकार को चाहिए कि जलभराव वाली जगहों और खुले नालों की पहचान कर उन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों की जान को किसी तरह का खतरा न हो।

# चद्दर खरीदने पर जेठ-ससुर ने बहू-बेटे को लहूलुहान किया

## चोरी का शक जताकर डंडे और ईंट से पीटा

**इन्दौर।** बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम सगडोद मेंएक दंपति को केवल इसलिए बेरहमी से पीटा गया क्योंकि उन्होंने अपने घर के लिए नई चद्दरें खरीदी थीं। ससुराल पक्ष के लोगों ने उन पर चोरी का आरोप लगाते हुए डंडे और ईंटों से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर ससुर, जेठ और जेठानी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी ललिता पति विष्णु निवासी ग्राम सगडोद ने पुलिस को बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब उनके ससुर सिताराम केवट, जेठ रामप्रसाद और जेठानी रिना ने उन्हें और उनके पति को रोकना शुरू किया। आरोपियों ने तंज कसते हुए पूछा कि तुम लोग यह चद्दर किस पैसे से खरीदकर लाए हो आरोपियों को शक था कि चद्दरें चोरी के पैसों से लाई गई हैं। जब ललिता ने सफाई देते हुए कहा कि यह चद्दर हम तुवर की फसल बेचकर आए पैसों से खरीदकर लाए हैं गालियां देने से मना किया, तो आरोपी हिंसक हो गए। देखते ही देखते जेठ रामप्रसाद हाथ में लकड़ी का डंडा लेकर आया और ललिता के सिर पर वार कर दिया। वहीं जेठानी रिना ने ललिता को थप्पड़ और मुक्कों से पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आए ललिता के पति विष्णु को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। ससुर सीताराम ने अपने ही बेटे पर ईंट से हमला कर दिया। हमले में विष्णु की बाईं कलाई, दाएं हाथ के कंधे और भुजा पर गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद आरोपियों ने पीड़ित दंपति को धमकी दी कि यदि दोबारा उनके सामने आए तो वे उन्हें जान से खत्म कर देंगे। बेटमा पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी ससुर सीताराम, जेठ रामप्रसाद और जेठानी रिना के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 152050 | 152600 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 248000 | 255400 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# प्रेम संबंधों के दौरान बनाया निजी वीडियो किया वायरल

### युवती को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर डाला, पुलिस ने दर्ज किया केस

**इन्दौर।** देपालपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी पूर्व प्रेमिका के निजी पलों का वीडियो वायरल कर उसकी गरिमा को ठेस पहुँचाई है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर ग्राम नौगांव के रहने वाले चेतन पिता कमल पंवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी के साथ उसके करीब दो साल पहले प्रेम संबंध थे। इस दौरान आरोपी ने उनके निजी पलों का एक वीडियो बनाया था। उस समय पीड़िता ने अपनी सहमति से वीडियो बनाने दिया था, क्योंकि उसे चेतन पर पूरा भरोसा था।रिश्ते में कड़वाहट आने और संबंध टूटने के बाद आरोपी चेतन ने पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी ने पीड़िता को समाज में नीचा दिखाने और बदनाम करने के उद्देश्य से उक्त निजी वीडियो को विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दिया। जैसे ही पीड़िता को इस बात की जानकारी मिली कि उसकी निजता को सार्वजनिक कर दिया गया है, उसने कानूनी कदम उठाने का फैसला किया।

# शादी में काम करने की बात पर युवक को डंडे से बेरहमी से पीटा

### पुरानी ठेकेदारी के अहंकार में आरोपी ने युवक को लहूलुहान किया

**इन्दौर।** देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोकलपुर में एक युवक को दूसरे के यहाँ काम करना इतना महंगा पड़ा कि प्रतिद्वंदी ने उसे रास्ते में रोककर डंडों से बुरी तरह पीट दिया। घायल युवक ने थाने पहुँचकर गुहार लगाई है।

फरियादी आशीष पिता बाबूलाल सेन निवासी गोकलपुर ने पुलिस को बताया कि करीब 5-6 दिन पहले उसने गाँव के ही मुन्नालाल जाट के यहाँ आयोजित एक शादी समारोह में काम किया था। आशीष ने वहां दूल्हे को नहलाने और बर्तन साफ करने की जिम्मेदारी निभाई थी। बस यही बात गाँव के ही विनोद पिता वासुदेव को नागवार गुजरी। आशीष का आरोप है कि आरोपी विनोद ने उसे रास्ते में रोका और विवाद करने लगा। विनोद का कहना था कि वह कई सालों से मुन्नालाल जाट के यहाँ शादियों में काम करता आ रहा है, इसलिए वहां काम करने का हक सिर्फ उसी का है। आशीष ने वहां काम क्यों किया, इसी बात को लेकर विनोद ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी विनोद ने आपा खो दिया और पास रखे डंडे से आशीष पर हमला कर दिया। आरोपी ने आशीष को तब तक पीटा जब तक वह निढाल नहीं हो गया। हमले में आशीष के बाएं हाथ, पीठ, बाएं पैर और पुट्ठे पर गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकला।

# गृह क्लेश में बहू की बेरहमी से पिटाई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बेटमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बगीदा में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट की वारदात हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि जब पीड़िता का परिवार सुलह कराने पहुंचा, तब भी आरोपियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उन्होंने सबके सामने बहू पर हमला कर दिया।

फरियादी कोमल पति दिलीप परमार निवासी बगीदा ने पुलिस को बताया कि उसका अपने पति के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी कलह को सुलझाने और समझाने के लिए कोमल की मां चिंताबाई और उसकी दो बहनें तन्नू व काजल उसके ससुराल पहुंची थीं। बातचीत के दौरान पुराने विवादों की बात फिर से छिड़ गई, जिससे ससुराल पक्ष के लोग उग्र हो गए। पीड़िता का आरोप है कि बहस के दौरान उसके देवर जितेन्द्र, सास जशोदाबाई और एक अन्य रिश्तेदार हरिचरण बागरी ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। जब कोमल ने इसका विरोध किया, तो तीनों ने मिलकर उसे थप्पड़ और मुक्कों से पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में कोमल को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने आई मां और बहनों को भी आरोपियों ने डराया और कोमल को जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के बाद पीड़िता ने बेटमा थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने कोमल की रिपोर्ट पर आरोपी देवर जितेन्द्र, सास जशोदाबाई और रिश्तेदार हरिचरण बागरी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# नाबालिग से छेड़छाड़, मनचला आते-जाते बजाता था सीटी

### *विरोध करने पर धमकाया*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**लसूडिया थाना इलाके में एक नाबालिग से छेड़छाड़ और धमकाने का मामला सामने आया है। एक मनचले युवक द्वारा नाबालिग को बुरी नीयत से परेशान किया गया।विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। लसूडिया पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध कड़ा कानूनी शिकंजा कसा है।**

38 वर्षीय फरियादी ने लसुड़िया थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग बेटी जब भी घर से बाहर निकलती है, तो आरोपी अतुल पिता कैलाश निवासी अमृत पैलेस उसका पीछा करता है। आरोपी पिछले कुछ समय से उसे बुरी नियत से घूरता है, अश्लील इशारे करता है और सीटी बजाकर फब्तियां कसता है। आरोपी की इन हरकतों से नाबालिग काफी डरी और सहमी हुई थी। जब इस बात की जानकारी परिजनों को लगी और उन्होंने आरोपी अतुल को उसकी हरकतों के लिए टोकते हुए विरोध दर्ज कराया, तो वह सुधरने के बजाय विवाद पर उतारू हो गया। आरोपी ने पीड़िता और उसके परिवार को बीच सड़क पर गालियां दीं और धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की या दोबारा उसे रोका, तो वह उन्हें जान से खत्म कर देगा।बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित पिता ने लसूडिया थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत की। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए आरोपी अतुल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# सुपर कॉरिडोर जैन मंदिर चोरी में पुलिस के हाथ लगे ठोस सुराग, संदिग्धों से पूछताछ जारी

**इन्दौर।** एरोड्रम इलाके के सुपर कॉरिडोर स्थित जैन मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिलने की उम्मीद है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि इस वारदात के पीछे किसी स्थानीय गिरोह का हाथ हो सकता है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई संदिग्धों को उठाया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली सूचनाओं के आधार पर यह स्पष्ट हो रहा है कि चोरी में स्थानीय बदमाशों की संलिप्तता है। चोरों को मंदिर की भौगोलिक स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था की संभवतः पहले से जानकारी थी। वारदात के खुलासे के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस मामले में तीन अलग-अलग थानों की विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो संदिग्ध ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ हाल ही में जेल से छूटे इसी तरह के अपराधियों का रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। अफसरों ने दावा किया कि पुलिस के पास अब ठोस सुराग मौजूद हैं और आरोपियों की पहचान लगभग सुनिश्चित हो चुकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले 24 से 48 घंटों के भीतर पुलिस इस पूरी वारदात का खुलासा कर चोरी गया मशरूका और आरोपियों को मीडिया के सामने पेश कर देगी।

# पैट कमिंस को भी नहीं पता उन्हें क्यों मिला 'प्लेयर ऑफ द मैच' अवॉर्ड इंटरव्यू में खुद जाहिर की हैरानी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड एक हाई स्कोरिंग मैच में मिला। उन्होंने दो विकेट निकाले, लेकिन शतक जड़ने वाले और अर्धशतकों वाले बल्लेबाजों को यह अवॉर्ड नहीं मिला।

सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को रौंद दिया है और आईपीएल 2026 में नंबर वन की कुर्सी हासिल कर ली है। पंजाब के खिलाफ एसआरएच के कप्तान पैट कमिंस ही प्लेयर ऑफ द मैच भी थे। उन्होंने कमाल के कुछ कैच पकड़े और टीम के लिए शानदार गेंदबाजी की। दो विकेट उनको मिले। वे खुश हैं कि वे अब नंबर वन हैं। इसके अलावा उन्होंने कूपर कोनोली की भी तारीफ की, जिन्होंने इस मैच में शतक जड़ा। साथ ही साथ उन्होंने अपने गेंदबाजी विकल्पों पर भी चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें नहीं पता कि उन्हें यह प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड कैसे मिल गया क्योंकि इसके लिए कई दावेदार थे।

SRH के कैप्टन और प्लेयर ऑफ द मैच बने पैट कमिंस ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा, 'कुछ सबसे अच्छी बात इस मैच में हुई हैं। मुझे लगता है कि पंजाब सच में एक अच्छी टीम है, वे इस मैच में नंबर वन थे। मुझे लगा कि बैट्समैन ने जो किया वह जबरदस्त था। मुझे लगता है कि और फिर मैच खत्म करने के लिए, स्कोर चाहे जो भी हो, ऐसी टीम के खिलाफ दूसरी पारी में बॉलिंग करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन मुझे लगा कि हम काफी क्लिनिकल थे। हां, हम अपनी स्पीड से खेलने में काफी अच्छे हैं।'

पहली पारी में बल्लेबाजी को लेकर कमिंस ने बताया, 'कंजर्वेटिव तरीके से शुरू करने की कोशिश मत करो। यह असल में अभिषेक या ट्रैविस का स्टाइल नहीं है। हम बस जितना हो सके उतना ज़्यादा करने की कोशिश कर रहे हैं, टोटल या किसी और चीज़ के बारे में नहीं सोच रहे हैं और फिर शायद बाद में इनिंग्स में, अगर यह कोई अलग दिशा लेता है, तो हम



एडजस्ट करने में काफी अच्छे हैं। हां, हम डे गेम्स में अच्छे नहीं हैं।'

हैदराबाद के मैदान को लेकर कप्तान कमिंस ने बताया, 'हमने पिछले कुछ सालों में यहां बहुत अच्छा क्रिकेट खेला है। मुझे लगता है कि यह हमारे स्टाइल के हिसाब से है। आज रात भी, पिच में थोड़ी ग्रिप थी, जो आखिर में हमारे कई बॉलर्स के लिए सही है और हमें लगता है कि गेम के बीच में यह पिच हमें चाहे जिस तरफ ले जाए, हमने इसे पहले भी देखा है, हम एडजस्ट कर सकते हैं। ट्रैविस आमतौर पर उस समय तक सो रहा होता है जब उसके बच्चे यहां नहीं होते, तो शायद यही वजह है।'

अपनी बॉलिंग से खुश हूं- कमिंस

अपनी खुद की बॉलिंग को लेकर कमिंस ने जवाब दिया, 'हां, मैंने जैसी बॉलिंग की, उससे खुश हूं। मुझे अभी भी नहीं पता कि मुझे यह अवॉर्ड कैसे मिला, लेकिन मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं फ्रेश होकर आया था। काफी अच्छी तैयारी की थी। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। खुश हूं कि मैं कंट्रीब्यूट कर सका। पावरप्ले में किसी भी टीम के लिए ज़्यादा कुछ काम नहीं आया, इसलिए हमने आज थोड़ा और प्रोएक्टिव रहने की कोशिश की। आप जानते हैं, हमारे पास अपने प्लान थे, लेकिन हमारे पास ज़्यादा ऑप्शन नहीं थे, इसलिए मैंने सोचा कि हम बाउंसर ट्राई करेंगे और खुशकिस्मती से आज रात वह कामयाब रहा। हां, फील्ड को मूव करने की कोशिश करो, ऐसा दिखाओ कि असल में जितना हो रहा है उससे थोड़ा ज़्यादा हो रहा है।'

अपनी टीम के बॉलिंग ऑप्शन को लेकर कहा, 'आप जानते हैं, हमारे पास बहुत सारे ऑप्शन हैं, खासकर नीतीश के एक और ऑलराउंडर के तौर पर। ऐसा लगता है कि हमारे पास हमेशा छह या सात ऑप्शन होते हैं। मुझे हमेशा यह क्लियर दिमाग रखना पसंद है कि पावरप्ले कैसा दिख सकता है और फिर उसके बाद, काफी खुले दिमाग से सोचता हूं कि यह मुझे कहां ले जा सकता है। हां, खुश हूं कॉनोली को अच्छा करते देखकर। हां, अच्छा रिजल्ट। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अच्छा करते देखकर अच्छा लगा। वह इस सीजन में उनके लिए बैट से स्टार रहे हैं। हां, अभी बॉलिंग नहीं कर रहे हैं, लेकिन फिर भी एक बैटर के तौर पर अपनी काबिलियत दिखा रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा समय है।'

## जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जल गंगा संवर्धन अभियान को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले रहा है। जिले में जल संवर्धन और संरक्षण के कार्यों में मदद के लिए नागरिक और कॉर्पोरेट सेक्टर भी आगे आ रहे हैं। इनके सहयोग से पुरानी बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कर उनका सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है तथा उपयोगी बनाया जा रहा है। कलेक्टर



शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान तथा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इंदौर जिले में वर्ष 2026-27 के दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक ने 15 बावड़ियों की सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य हाथ में लिया है। इसी तरह आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 10 कुएं के जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी ली गई है। सोनिक बॉयोकेम द्वारा 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। मोयरा सरिया द्वार दो हजार घरों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए दो हजार फिल्टर दिए गए हैं। इसी तरह कृतज्ञ वेल्फेयर सोसायटी द्वारा 150 रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण किया जा रहा है। इफ्का फाउंडेशन द्वारा बायपास एवं मुख्य चौराहों पर ड्रम प्लांटेशन किया जा रहा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी 10 हजार पौधारोपण और एक हजार रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए फिल्टर देने की जिम्मेदारी ली है। इसी प्रकार कोटक बैंक, ईएफआई और भारतीय जन संगठन द्वारा भी जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों में मदद दी जा रही है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों किसानों के सहयोग से तालाबों के गहरीकरण का कार्य जारी है। बैठक में बताया गया कि गत वर्ष चलाये गए अभियान में अमृत सरोवर अभियान के अंतर्गत 101 तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। इसी प्रकार पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान के तहत 392 जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य कराए गए तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 713 निर्माण कार्य पूर्ण किए गए।

# कलेक्टर ने किया प्रगणकों को सम्मानित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर जिले में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य जारी है। इन्दौर के दो प्रगणक ने समर्पण की मिसाल प्रस्तुत करते हुए गणना का कार्य इन्होंने निर्धारित समय से पहले ही सौंपे गए कार्य को पूर्ण कर लिया।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने



जनगणना अधिकारी नवजीवन विजय पवार की मौजूदगी में निर्मला शर्मा, बद्रीलाल तरोला का सम्मान किया। निर्मला शर्मा ने 6 दिनों में 120 गणना का काम पूरा कर लिया जबकि इनके दोनों में रॉड डली हुई है। इसी प्रकार प्रगणक बद्रीलाल तरोला ने भी अपने कर्तव्यों के प्रति अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है। उन्हें एक ब्लाक की गणना का कार्य सौंपा गया था। उन्होंने यह कार्य चंद दिनों में ही पूरा कर लिया।

## कैसे पेट की हेल्थ आपके मूड और इम्यूनिटी को करती है प्रभावित?

**भारतीय** योग गुरु, लेखक, शोधकर्ता और टीवी पर्सनालिटी डॉक्टर हंसा योगेंद्र ने बताया अगर आप पाचन को दुरुस्त रखना चाहते हैं, इम्यूनिटी को मजबूत करना चाहता हैं, मानसिक स्थिति में सुधार करना चाहते हैं तो आप रोजाना फर्मेंटेड फूड का सेवन जरूर करें। कई रिसर्च में ये बात साबित हो चुकी है कि बॉडी को खुश रखने वाला 95प्रश सेरोटोनिन हॉर्मोन पेट में पैदा होता है। ये वो न्यूरोट्रांसमीटर है जो हमारे मूड को खुशगवार बनाते हैं। खुश रखने वाले ये हॉर्मोन पेट में पैदा होता है, दिमाग में नहीं होता। अगर आपका पेट खराब रहता है तो डिप्रेशन और एंजायटी का बढ़ना तय है। हमारी 70प्रश से 80प्रश इम्यून कोशिकाएं पेट की परत में रहती हैं। पेट के अच्छे बैक्टीरिया ही वायरस से लड़ने का सिग्नल देते हैं। वेगस नर्व के ज़रिए पेट और दिमाग हर पल आपस में जुड़े रहते हैं। इसी कनेक्शन को गट-ब्रेन एक्सिस कहा जाता है।

**म.प्र. इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) गीता यादव पति अर्जुन यादव निवासी 14/3, छोटी ग्वालटोली, इंदौर, (म.प्र.), 452001 (2) दीक्षा गेहलोत पति दीपक गेहलोत निवासी 419/6, नेहरु नगर, इंदौर, (म.प्र.), 452011 द्वारा पीथमपुर निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन योजनान्तर्गत 'स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप सेक्टर-07' स्थित आवासीय कॉलोनी के जोन 01 भूखण्ड क्रमांक 714 को मोहम्मद युसूफ पिता मोहम्मद मुनीर निवासी विश्वास नगर बंजरी, महू, भाटखेड़ी, इंदौर, (म.प्र.), 453441 से पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक MP7IGR17512026A100078772 दिनांक 21/01/2026 से क्रय किया गया है। उक्त भू-खण्ड का नामांतरण एम.पी.आई.डी.सी.लि. क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर के अभिलेख में (1) गीता यादव पति अर्जुन यादव निवासी 14/3, छोटी ग्वालटोली, इंदौर, (म.प्र.), 452001 (2) दीक्षा गेहलोत पति दीपक गेहलोत निवासी 419/6, नेहरु नगर, इंदौर, (म.प्र.), 452011 के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर मय लिखित दस्तावेजो के साथ कार्यकारी संचालक एम.पी.आई.डी.सी. क्षेत्रीय कार्यालय इन्दौर में लिखित आपत्ति दर्ज करावें। अन्यथा उक्त अवधि के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सर्वसम्बंधित को सूचित होवे।

**( कार्यकारी संचालक )**
**म.प्र. इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड**
**क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **आकाश जैन पिता सुरेन्द्र जैन** भूखण्ड क्रमांक 654 वार्ड क्रमांक 16 नरीमन सिटी ब्लाक-ए छोटा बांगडदा तहसील व जिला इन्दौर इन्दौर झोन क्र. 01 राजस्व विभाग पर 3303888 खाता नं. पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.01 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 01**
**नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती साधना पति स्व. योगेन्द्र अजमेरा** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001245291पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 23 ए-एक्स-सी स्कीम 71 207 राधाकृष्ण काम्पलेक्स इन्दौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# पंजाब किंग्स के नाम दर्ज हुआ IPL के इतिहास का सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पंजाब किंग्स के नाम घ्इ्थ के इतिहास का सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। पंजाब किंग्स किसी एक मैदान पर लगातार सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम बन गई है। उधर, एिंए ने णएख को धोबी पछाड़ लगा दी है।

हाफ फेज तक पंजाब किंग्स सबसे बेहतर टीम नजर आ रही थी, जो 7-7 मैच होने तक अजेय थी। 7 में से 6 मुकाबले पंजाब किंग्स ने जीते थे और एक मैच उनका बेनतीजा रहा था, लेकिन इसके बाद लगातार तीन मैचों में पंजाब किंग्स को हार मिली है। इस बीच श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स टीम के नाम घ्इ्थ के इतिहास का एक सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। पंजाब किंग्स किसी एक मैदान पर एक टीम के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा मैच हारने वाली पहली टीम बन गई है। उधर, सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को इसी रिकॉर्ड के मामले में धोबी पछाड़ लगा दी है।



### IPL में एक मैदान पर एक टीम का किसी एक विरोधी टीम के खिलाफ सबसे लंबा जीत का सिलसिला

*9 - सनराइजर्स हैदराबाद बनाम PBKS, हैदराबाद 2015-26**
*8 - चेन्नई सुपर किंग्स बनाम RCB, चेन्नई 2010-24*
*7 - चेन्नई सुपर किंग्स बनाम DC, चेन्नई 2011-23*
*7 - मुंबई इंडियंस बनाम KKR, वानखेड़े 2013-23*

दरअसल, पंजाब किंग्स को लगातार 9वीं बार हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली है। पंजाब की हार का सिलसिला इस मैदान पर एसआरएच के खिलाफ 2015 से जारी है, जो 2026 तक थम नहीं पाया है। यहां तक कि 2010 से लेकर 2024 तक चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने होम ग्राउंड पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी को लगातार 8 बार मात दी थी, लेकिन पंजाब की टीम लगातार 9 मैच हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में हार चुकी है।

इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर भी चेन्नई सुपर किंग्स है, जिसने 7 बार दिल्ली कैपिटल्स को अपने होम ग्राउंड पर हराया है। 2011 से 2023 तक दिल्ली की टीम लगातार सात मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में हारी थी। वहीं, मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 2013 से लेकर 2023 तक 7 मैच जीते थे। हालांकि, वह सभी स्ट्रीक टूट चुकी हैं, लेकिन पंजाब किंग्स की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार की स्ट्रीक अभी भी जारी है, जो 2027 में जाकर टूटने की उम्मीद है।

यह अब ऐसा रिकॉर्ड बन गया है, जो आने वाले एक या दो नहीं, बल्कि दशकों तक टूटने वाला नहीं है। इसके पीछे का कारण यह है कि एक सीजन में एक ही मैच होता है और मौजूदा समय में कोई ऐसी टीम नहीं है, जो लगातार अपने होम ग्राउंड पर किसी एक टीम को हरा रही हो। इस वजह से पंजाब किंग्स के नाम यह शर्मनाक रिकॉर्ड अगले कई सालों तक रहने वाला है। अगर 2027 में पंजाब को हैदराबाद में एसआरएच के खिलाफ जीत नहीं मिलती है तो यह रिकॉर्ड और भी ज्यादा शर्मनाक हो जाएगा।

# पंजाब किंग्स से छिन गया नंबर वन का ताज

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पंजाब किंग्स से लंबे समय के बाद पहली बार IPL 2026 में नंबर वन का ताज छिना है। अब घ्इ्थ 2026 की पॉइंट्स टेबल का ताजा हाल क्या है ये जान लीजिए। पंजाब किंग्स को सनराइजर्स हैदराबाद ने



नंबर वन की कुर्सी से हटाया है। IPL 2026 Points Table में पंजाब किंग्स लंबे समय से नंबर वन की कुर्सी पर विराजमान थी, लेकिन बुधवार 6 मई की रात को पंजाब किंग्स से नंबर वन का ताज छिन गया। सनराइजर्स हैदराबाद ने हाई स्कोरिंग मैच में पंजाब किंग्स को हराया और नंबर वन की कुर्सी पर अपना कब्जा कर लिया। इस मैच के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी को भी चपत लग गई है, क्योंकि आरसीबी पहले दूसरे स्थान पर थी, लेकिन अब तीसरे स्थान पर खिसक गई है। अब सनराइजर्स हैदराबाद वर्सेस पंजाब किंग्स मैच के बाद घ्इ्थ 2026 की पॉइंट्स टेबल का ताजा हाल क्या है ये जान लीजिए।

पंजाब किंग्स लंबे समय तक नंबर वन की कुर्सी पर विराजमान रही, लेकिन अब सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2026 पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है, जिसके 11 मैचों के बाद 14 पॉइंट्स हो गए हैं। इतने पॉइंट्स अन्य किसी टीम के नहीं हैं। वहीं, पंजाब किंग्स 10 मैचों के बाद 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गई है। लगातार तीन मैचों में पंजाब को हार का सामना करना पड़ा है।

# कूपर कोनोली के तूफानी शतक पर फिरा पानी

### मगर फिर भी लिख दी IPL की रिकॉर्ड बुक में नई कहानी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** कूपर कोनोली के तूफानी शतक पर पानी फिर गया। पंजाब किंग्स के लिए उन्होंने शतक जड़ा, मगर टीम को हार मिली। बावजूद इसके कोनोली ने घ्इ्थ की रिकॉर्ड बुक में एक नई कहानी लिख डाली।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पंजाब किंग्स उन्हीं के होम ग्राउंड पर 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी। पंजाब की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 202 रन बना सकी और मुकाबला 34 रनों के अंतर से हार गई। इस हार में पंजाब के लिए कई नेगेटिव पॉइंट्स रहे, लेकिन सबसे ज्यादा सकारात्मक बात यही रही कि कूपर कोनोली ने तूफानी शतक जड़ा। कूपर कोनोली के इस शतक पर भले ही पानी फिर गया, लेकिन उन्होंने आईपीएल की रिकॉर्ड बुक में एक नई कहानी लिख डाली।

कूपर कोनोली आईपीएल के इतिहास के सबसे कम उम्र में शतक जड़ने वाले ओवरसीज बल्लेबाज बन गए हैं। कूपर कोनोली ने साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक को पीछे छोड़ा है।



10 साल पुराना रिकॉर्ड कोनोली ने ध्वस्त किया है। साल 2016 में आरसीबी के खिलाफ बेंगलुरु में दिल्ली डेयरडेविल्स अब दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए क्विंटन डिकॉक ने 23 साल 122 दिन की उम्र में शतक जड़ा था और वे सबसे कम उम्र में आईपीएल में शतक जड़ने वाले विदेशी बल्लेबाज बने थे। वहीं, कूपर कोनोली ने महज 22 साल और 257 दिनों की उम्र में आईपीएल में शतक ठोका है। उन्होंने 2026 के आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पंजाब किंग्स के लिए यह करिश्माई पारी खेली। उन्होंने 59 गेंदों में 7 चौके और 8 छक्कों की मदद से नाबाद 107 रनों की पारी खेली। पारी पर हार की वजह से पानी फिर गया, लेकिन नया रिकॉर्ड उन्होंने आईपीएल में कायम कर दिया। डेविड वॉर्नर ने 2010 में केकेआर के खिलाफ 23 साल 153 दिनों की उम्र में शतक जड़ा था। डेविड मिलर ने 23 साल 330 दिनों की उम्र में आरसीबी के खिलाफ शतक जड़ा था। कैमरोन ग्रीन लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं, जिन्होंने एसआरएच के खिलाफ एमआई के लिए 23 साल 352 दिनों की उम्र में शतक जड़ा था।

### IPL में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के विदेशी बल्लेबाज

22 साल 257 दिन - कूपर कोनोली PBKS बनाम SRH, हैदराबाद, 2026*

23 साल 122 दिन - क्विंटन डी कॉक DD बनाम RCB, बेंगलुरु, 2016

23 साल 153 दिन - डेविड वार्नर DD बनाम KKR, दिल्ली, 2010

23 साल 330 दिन - डेविड मिलर KXIP बनाम RCB, मोहाली, 2013

23 साल 352 दिन - कैमरून ग्रीन MI बनाम SRH, वानखेड़े, 2023

# श्री अग्रसेन क्लब द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रसेन क्लब द्वारा टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन चाणक्य चौराहा स्थित टर्फ क्रिकेट मैदान में सम्पन्न हुआ। क्लब के 144 खिलाड़ियों ने भाग लिया 14 टीम में बनाई गई थी। क्लब के 10 साल से लेकर 60 साल तक के बच्चों, महिला पुरुष सभी ने क्रिकेट खेला। अग्रसेन क्लब की ओर से सभी खिलाड़ियों को टिशर्ट, कैप, मोमेंटोस नगद राशि पुरस्कार दिया गया। महिलाओं ने पहली बार क्रिकेट का बल्ला पकड़ या बॉलिंग की। महिलाओं का उत्साह उमंग और खुशी देखने लायक थी। अग्र महिलाओं ने स्कैल में मोर्चा थामे रखा।

## रोहित कौशल ने जिताया गोल्डन कप

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय गोजू रियू कराते महासंघ के सानिध्य में तमिलनाडु स्टेट खेल प्राधिकरण के सहयोग से एवं लियो स्पोर्ट्स के तत्वावधान में कोडाइकनाल में आयोजित हुए 12 वे राष्ट्रीय कोड़ाई कप में एलेट स्पोर्ट्स के खिलाड़ी आर डी विक्टोरियस के बैनर तले विजयश्री को प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है । राधिका पंचोले (कप्तान)स्वर्ण पदक इन्होंने 46 किलोग्राम वर्ग में चेन्नई ओर बेंगलुरु की खिलाड़ी को हराया। वही पूरे स्पर्धा में आकर्षण का केंद्र रहे महू के रोहित कौशल ने 42 किलोग्राम वर्ग में मदुरई और विशाखापत्तनम के खिलाड़ी को हराया।

## सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित शांता देवी कमल भंडारी मेमोरियल सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन हो गया। नेहरू स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में सैकड़ों सब-जूनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 9 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक की आयु के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के समापन पर पुरस्कार वितरण किए गए।

# नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में प्रदेश को दोहरा खिताब



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पिट्टू एसोसिएशन ऑफ गुजरात द्वारा सूरत में आयोजित तृतीय सब जूनियर एवं जूनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर बालक वर्ग में गुजरात उपविजेता तथा आदिवासी विभाग की टीम तृतीय स्थान पर रही। बालिका वर्ग में उत्तरप्रदेश विजेता एवं छत्तीसगढ़ की टीम तृतीय स्थान पर रही। सब जूनियर बालक वर्ग में क्रमशः उत्तरप्रदेश, हरियाणा एवं गुजरात ने विजेता, उपविजेता तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में हरियाणा, उत्तराखंड एवं गुजरात की टीमों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया।

# ड्यूटी से लौट रहे युवक की चाकू से हमला कर हत्या...

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बेटमा थाना क्षेत्र में बीती रात बदमाशों ने लूट के इरादे से एक युवक पर हमला कर उसकी जान ले ली। बदमाशों ने मोबाइल लूट का विरोध कर रहे युवक की पीठ और बाजू में चाकू से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या और लूट का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**मोबाइल लूटकर भागे बदमाश**

मृतक की पहचान राहुल पिता चंदन सिंह पंवार निवासी ग्राम रावत के रूप में हुई है, वह एक कंपनी में कार्यरत था। राहुल के भाई रवि पंवार ने पुलिस को बताया कि राहुल 5 मई को अपनी बाइक से ड्यूटी पर गया था। रोज रात 11:30 बजे छुट्टी होने के बाद वह करीब 12 बजे तक घर पहुँच जाता था। जब बीती रात वह समय पर घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद आने लगा, तो रवि उसे खोजने निकला। तलाश के दौरान जब रवि सिंधीपुरा पहुंचा, तो वहां एक मकान के पास भीड़ लगी थी। वहां राहुल मंदिर के ओटले पर लहूलुहान हालत में पड़ा था। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण जादूसिंह ने बताया कि राहुल नाले की तरफ से भागते हुए आया था और उसने पीने के लिए पानी मांगा था। राहुल ने दम तोड़ने से पहले ग्रामीणों को बताया था कि भेरूबाबा मंदिर के पास बदमाशों ने उसे घेर लिया और चाकू मारकर उसका मोबाइल लूट लिया। रवि ने देखा कि राहुल की पीठ और दाहिने हाथ के बाजू पर धारदार हथियार के गहरे घाव थे और काफी खून बह चुका था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुँचे और साक्ष्य जुटाए। बेटमा पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या और लूट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास के रास्तों और कंपनी से घर तक के मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित की हैं।

# कार से स्टंट करने वालों को पुलिस ने कार को लगवाया धक्का







## कान पकड़कर मांगी माफी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कार से स्टंट करना तीन युवकों को भारी पड़ गया। दो दिन पूर्व भंवरकुआं ब्रिज पर युवकों ने तेज गति से जा रही कार की दोनों ओर की खिड़कियों से बाहर निकलते हुए स्टंट किया था। पुलिस ने मामले में संज्ञान लेकर युवकों पर कार्रवाई की। युवकों ने माफी मांगी तो वहीं पुलिस ने खुले मैदान में धक्का लगवाकर कार दुड़वाई।**

भंवरकुआं पुलिस ने स्टंट के मामले में संज्ञान लिया और युवकों पर कार्रवाई की। सिटी ब्लास्ट ने 5 मई के अंक में इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके साथ ही इसका सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ। पुलिस ने वाहन क्रमांक एमपी-13 झेडटी-7596 के आधार पर युवकों को ढूंढा। युवक सडक पर नियमों का उल्लंघन करते हुए स्वयं की ओर अन्य लोगों की जान जोखिम में डाल रहे थे। पुलिस ने वाहन मालिक प्रतीक पिता मनोज निहाले निवासी भोलाराम और उनके दो अन्य साथी को पकडा और कार्रवाई की। पुलिस ने युवकों से खाली मैदान में बंद कार में धक्का लगवाया। युवकों ने कान पकड़कर माफी भी मांगी।

# मोबाइल झपटने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।



कनाडिया पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग और वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह शातिर आरोपी सुनसान रास्तों पर पैदल राहगिरों को निशाना बनाकर उनके मोबाइल छीनकर फरार हो जाता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटे गए दो महंगे मोबाइल, खुड़ैल क्षेत्र से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू बरामद किया है। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस ने कुल 2 लाख 15 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया है।

घटना का खुलासा तब हुआ जब कनाडिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बिचौली हप्सी रोड पर फिंगर फैक्ट्री के पास एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में अवैध चाकू लिए खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान अखिलेश सिंह रावत निवासी रामूखेड़ी, खुड़ैल के रूप में हुई है। आर्म्स एक्ट की कार्रवाई के दौरान जब पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई लूट की वारदातों को कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि 3 मई को उसने कनाडिया क्षेत्र में एक व्यक्ति से उस समय सैमसंग का अल्ट्रा मोबाइल छीना था, जब वह शाम को अपने डॉग को घुमाने के लिए घर से निकला था। उसी दिन आरोपी ने आजाद नगर थाना क्षेत्र के देवगुराड़िया ब्रिज के पास एक बाइक सवार को निशाना बनाया जो फोन पर बात कर रहा था। आरोपी ने बिना नंबर की बाइक से पीछे से आकर उसका वीवो मोबाइल छीना और चंपत हो गया। जांच में यह भी सामने आया कि वारदात में इस्तेमाल की गई एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल आरोपी ने खुड़ैल क्षेत्र से चुराई थी। फिलहाल कनाडिया पुलिस ने आरोपी अखिलेश को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस अब आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है और उससे शहर में हुई अन्य चोरी व लूट की वारदात के संबंध में सघन पूछताछ की जा रही है।

## मंगेतर की मां को खाई में धकेल कर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इन्दौर।** बड़गोंदा क्षेत्र में सगाई टूटने से नाराज एक युवक ने अपनी प्रेमिका की मां की 250 फीट गहरी खाई में धक्का देकर हत्या कर दी। घटना मंगलवार शाम बड़गोंदा के छोटा अमरनाथ क्षेत्र की है। मृतका किरण चौबे (36) का शव बुधवार को रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद निकाला। वारदात को अंजाम देने के बाद फरार आरोपी राहुल अटेरिया पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस ने उसे इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया, जहाँ वह छिपकर रह रहा था। आरोपी राहुल, किरण और उनकी बेटी रागिनी को घुमाने ले गया था। वहां उसने रागिनी को ऊपर छोड़कर किरण को मंदिर दर्शन के बहाने नीचे बुलाया और खाई में धक्का दे दिया। बाद में उसने रागिनी को खुद हत्या की बात बताई। मृतका का बेटा सगाई टूटने से राहुल के नाराज होने की बात कह चुका है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है।



# दो निगरानीशुदा नकबजन गिरफ्तार चोरी के रुपयों से खरीदा था नया मोबाइल

**नशे की लत पूरी करने के लिए देते थे वारदातों को अंजाम**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए क्षेत्र के दो कुख्यात बदमाशों को दबोचा है। पकड़े गए आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी लत पूरी करने के लिए सूने मकानों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई राशि का बड़ा हिस्सा बरामद कर लिया है। व्यास नगर निवासी फरियादी पुष्पेंद्र पाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 4 मई की दरमियानी रात किसी अज्ञात बदमाश ने उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 70,000 रुपये नकद चोरी कर लिए हैं। शिकायत मिलने पर चंदन नगर पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी तिलक करोले के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दिखे संदिग्धों और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र के दो निगरानीशुदा प्रभाकर उर्फ प्रभु निवासी डायमंड पैलेस और पुष्पेंद्र उर्फ गोलू निवासी सिरपुर कांकड़।को हिरासत में लिया। पुलिसिया पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने फरियादी के घर से 70 हजार रुपये चुराए थे। इन रुपयों में से उन्होंने 13,000 रुपये का एक नया 'रेड-मी' कंपनी का मोबाइल खरीदा और करीब 15,000 रुपये खान-पान और नशे पर खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपियों के पास से 39,000 रुपये नकद और चोरी के पैसों से खरीदा गया नया मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपी पुष्पेंद्र के विरुद्ध डकैती की योजना, गृहभेदन और मारपीट जैसे कुल 22 गंभीर अपराध दर्ज हैं, वहीं प्रभाकर के विरुद्ध भी 06 मामले विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।